श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 185, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज   गुरुवार 3 अगस्त 2023   विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# दंगाइयों से होगी नुकसान की भरपाई: सीएम



## नूंह व आसपास के इलाके में स्थिति सामान्य

### नूंह में हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण, अब तक छह की मौत: मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूंह में हिंसा की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस दर्दनाक घटना में अभी तक छह लोगों की मौत हुई है, जिनमें दो होमगार्ड के जवान हैं और चार नागरिक शामिल हैं। कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नल्हड़ अस्पताल, मेदांता अस्पताल, गुरुग्राम व अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को अधिकारियों से रिपोर्ट लेने के बाद चंडीगढ़ में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि षड्यंत्रकारियों की पहचान की जा रही है और सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है। इसके अलावा, जो लोग भागे हुए हैं, उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। अभी तक 116 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं, आज उनका रिमांड लिया जाएगा और उनसे जानकारी हासिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी लोग इसमें दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा पुलिस की 30 कंपनियां तैनात की गई हैं और केंद्रीय सुरक्षाबलों की 20 कंपनियां केंद्र से हमें मिली थीं, जिनमें से तीन कंपनियां पलवल, दो कंपनियां गुरुग्राम और एक कंपनी को फरीदाबाद में तैनात किया गया है तथा 14 कंपनियां नूंह जिले में तैनात की गई हैं।

आम नागरिकों की सुरक्षा करना हमारा दायित्व है, उनकी सुरक्षा के लिए हमारी सुरक्षा एजेंसियां, पुलिस सभी सतर्क हैं। अन्य स्थानों पर भी जो छुट-पुट घटनाएं हुई हैं, उन पर नियंत्रण कर लिया गया है, स्थिति सामान्य हो गई है। मनोहर लाल ने जनता से अपील करते हुए कहा कि लोग शांति बनाए रखें, आपसी तनाव से भाईचारा बिगड़ता है, इसलिए नागरिक भाईचारा बनाए रखें। भाईचारा बनाए रखने में ही प्रदेश की खुशहाली है, किसी प्रकार की घटना को आगे न बढ़ने दें। आमजन शांति और भाईचारा बनाकर समाज की एकता का संदेश दें।



### 'मोनू मानेसर की भूमिका की भी हो रही है जांच'

मोनू मानेसर वीडियो संबंधी प्रश्न का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि हमने मोनू मानेसर का वीडियो देखा है और वह कहीं पर दंगा करने का नहीं बल्कि लोगों को यात्रा में पहुंचने का आह्वान कर रहा है। उस वीडियो को स्टडी किया जा रहा है। विज ने कहा कि नूंह में जो यात्रा निकाली गई थी, वह यात्रा हर साल निकलती थी और यह एक स्थानीय कार्यक्रम था। इसी के तहत यात्रा की स्वीकृति दी गई थी और जितनी पुलिस फोर्स पिछली यात्रा में थी, उतनी ही पुलिस फोर्स इस बार यात्रा में लगाई गई थी। मगर किसी ने इसको बड़ा कर दिया और अब स्थिति को संभाला जा रहा है।

### हिंसा का असर:

- **चार जिलों में इंटरनेट और स्कूल बंद,**
- **9 जिलों में धारा 144 लागू: नूंह, गुरुग्राम, पलवल, झज्जर, फरीदाबाद, रेवाड़ी, सोनीपत, पानीपत और महेंद्रगढ़ में धारा 144 लागू है।**
- **इंटरनेट: नूंह, गुरुग्राम के कुछ हिंसाग्रस्त इलाकों में, पलवल, फरीदाबाद जिले में इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं बुधवार को भी बंद रखी गई हैं।**
- **स्कूल: नूंह,फरीदाबाद, पलवल, गुरुग्राम में बुधवार को स्कूल बंद हैं।**
- **हालांकि फरीदाबाद में स्कूल-कॉलेज खोलने का फैसला लिया गया है।**
- **परीक्षाएं: हरियाणा बोर्ड ने 1, 2 अगस्त की 10वीं व डीएलएड की परीक्षाएं प्रदेशभर में स्थगित कर दी हैं।**
- **बसें: रेवाड़ी डिपो से गुरुग्राम के सोहना, वढ के आगरा, मथुरा, अलीगढ़ की बसों का संचालन बंद कर दिया है।**
- **हिंसा में नुकसान: 100 से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं। प्रशासन हिंसा में संपत्ति के नुकसान का आकलन कर रहा है।**
- **पंचायत पर रोक: गुरुग्राम के मानेसर में होने वाली पंचायत पर प्रशासन ने रोक लगा दी है। मानेसर के बाबा भीष्म दास मंदिर में शाम 4 बजे हिंदू संगठन की पंचायत होनी थी।**
- **नूंह हिंसा में पानीपत के एक युवक की मौत हो गई थी। इसके विरोध में बुधवार को बाजार बंद रहे। नूंह हिंसा में पानीपत के एक युवक की मौत हो गई थी। इसके विरोध में बुधवार को बाजार बंद रहे।**

## साजिश रचने वालों को बेनकाब किया जाएगा : गृह मंत्री

**चंडीगढ़: हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने नूंह हिंसा के मामले में कहा कि इतना बड़ा बवाल केवल एक दिन में नहीं हो सकता। इसके लिए किसी न किसी ने लोगों एवं हथियारों को इकट्ठा कर प्लानिंग की है और गोलियां चलाई गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले की पूरी जांच होगी और नूंह में ऐसी साजिश रचने वालों को बेनकाब किया जाएगा। विज आज पत्रकारों द्वारा नूंह हिंसा को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब दे रहे थे। गृह मंत्री ने कहा कि यह देश हम सबका है और विश्व में इसे तरक्की के ऊपर वाले पायदान पर लेकर जाना है। क्योंकि तरक्की उसी प्रदेश में होती है जहां शांति हो, इसलिए लोग ऐसी गलत पोस्ट न डाले और न ही वायरल करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी नजर रखे हुए है और सोशल मीडिया के माध्यम से गलत अफवाह फैलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



नूंह में स्थिति नियंत्रण में, कई कंपनियां तैनात: गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि नूंह में हिंसा के बाद अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और 30 कंपनियां हरियाणा और 20 कंपनियां केंद्र से मिली है जिन्हे तैनात किया गया है। नूंह क्षेत्र को आठ थानों में बांटा गया है और हर थाने पर एक-एक आईपीएस अधिकारी लगाया गया है। इसके अलावा, सोशल मीडिया चैक किया जा रहा है। अब तक 41 एफआईआर दर्ज की गई है और नूंह में 116 लोग अब तक गिरफ्तार किए गए है।

उन्होंने बताया कि रेवाड़ी एवं गुरुग्राम में भी गिरफ्तारियां हुई है।

स्थिति बिगड़ने पर कर्फ्यू भी लगाया जा सकता है: गृह मंत्री ने कहा कि हिंसा को देखते हुए धारा 144 अन्य जिलों में लगाई गई है और डीसी को अधिकृत किया है कि स्थिति यदि बिगड़ती है तो वहां कर्फ्यू लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एक और व्यक्ति की मृत्यु की जानकारी भी मिली है और इससे पहले पांच लोगों के मरने की जानकारी मिली थी।

### स्पीकर की कुर्सी पर नहीं बैठे; मणिपुर मामले पर राष्ट्रपति से मिले क.ठ.ऊ.क.अ के सदस्य

## लोकसभा में लगातार हंगामे से ओम बिड़ला नाराज



**नई दिल्ली: संसद** के मानसून सत्र के 10वें दिन (2 अगस्त को) लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे। वे लोकसभा में विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे से नाराज थे, इसलिए उन्होंने सदन आने से इनकार कर दिया। उनकी जगह आंध्र प्रदेश के राजमपेट से सांसद पीवी मिधुन रेड्डी ने लोकसभा की कार्यवाही संभाली। जानकारी के मुताबिक, ओम बिड़ला तब तक संसद नहीं आएंगे जब तक विपक्ष हंगामा करना बंद नहीं करता। लोकसभा में मंगलवार को दिल्ली ऑर्डिनेंस पेश हुआ था। इस पर चर्चा होनी थी, लेकिन इससे पहले ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही 2 बजे तक, फिर 3 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में विपक्षी दलों ने मणिपुर हिंसा पर चर्चा की मांग करते हुए 60 नोटिस दिए, जिन्हें सभापति जगदीप धनखड़ ने अस्वीकार कर दिया। इससे नाराज विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद इंडिया के सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे। राज्यसभा में प्राइवेट सेक्टर को लिथियम सहित 12 परमाणु खनिजों में से छह और सोने-चांदी के खनन की अनुमति देने वाला बिल बुधवार को पास हो गया।

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने माइन्स और मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) बिल पेश किया था। लोकसभा इसे पिछले महीने ही पास कर चुकी है। इसके अलावा फॉरेस्ट(कंजरवेशन) अमेंडमेंट बिल 2023 भी पास कर दिया।

## बालासोर हादसे के 61 दिन बाद भी 29 शव लावारिस

**एम्स ने 162 शवों में से 133 परिजनों को सौंपे; हादसे में 295 लोग मारे गए थे**

**भुवनेश्वर: ओडिशा** के बालासोर में 2 जून की शाम को ट्रेन हादसा हुआ था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस हादसे में 295 लोगों की मौत हुई थी। घटना के 2 महीने बाद भी 29 शवों की पहचान नहीं हो सकी है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) की तरफ से बताया गया कि इंस्टीट्यूट के पास 162 शव लाए गए थे, जिसमें से 133 शवों की पहचान कर उनके परिजनों को सौंप दिया। भुवनेश्वर एम्स के कैंपस में खड़े कंटेनर, जिनमें डेड बॉडी रखी गई हैं। इन कंटेनरों में 24 घंटे बिजली की जरूरत होती है और 6 महीने शव सुरक्षित रखे जा सकते हैं। एम्स भुवनेश्वर के मेडिकल सुपरिनटैंडेंट दिलिप कुमार परीदा ने बताया कि एम्स भुवनेश्वर को दो चरणों में 162 शव मिले थे। सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी से बचे हुए शवों की आखिरी डीएनए सैंपल रिपोर्ट आने के बाद बचे शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि डीएनए रिपोर्ट आने के बाद भी जो शव लावारिस रह जाएंगे, उनके अंतिम संस्कार का फैसला राज्य सरकार और भुवनेश्वर नगर निगम लेगा।

### 370 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू

## केंद्र ने नए एफिडेविट में कहा था- आतंकवाद खत्म करने का एक ही रास्ता था, आर्टिकल 370 हटाना



**नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल** 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर बुधवार (2 अगस्त) सुबह 10.30 बजे से सुप्रीम कोर्ट में रेगुलर सुनवाई शुरू हो गई है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच जजों की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। इनमें जस्टिस एस के कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं।

आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में 3 साल बाद सुनवाई हो रही है। इससे पहले, 2020 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने इस मामले की सुनवाई की थी। तब अदालत ने कहा था कि हम मामला बड़ी संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं। 11 जुलाई को इस मामले को लेकर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने अलग-अलग पार्टियों के लिए लिखित याचिका दाखिल करने के लिए 27 जुलाई की डेडलाइन तय की थी। बेंच ने कहा था, 'हम इन याचिकाओं पर सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर हर दिन सुनवाई करेंगे।'

10 जुलाई को केंद्र ने मामले में नया एफिडेविट दाखिल किया था: इस मामले को लेकर आखिरी सुनवाई 11 जुलाई को हुई थी। इससे एक दिन पहले 10 जुलाई को केंद्र ने इस मामले में नया एफिडेविट दाखिल किया था। केंद्र ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर 3 दशकों तक आतंकवाद झेलता रहा। इसे खत्म करने का एक ही रास्ता था आर्टिकल 370 हटाना।

## ऋषियों मुनियों की भूमि में शिक्षा का विशेष महत्व : धामी

**देहरादून: दून** विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन इंडक्शन 2023 कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के दीक्षा प्रारंभ के इस कार्यक्रम में छात्रों को उनके बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया गया। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड ऋषियों की भूमि रही है जिसमें नए छात्रों की दीक्षा प्रारंभ हो रही है। उन्होंने छात्रों से समय का सदुपयोग कर जीवन में सफलता हासिल करने की बात कही। उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि नई शिक्षा नीति के जरिए बच्चों को रोजगार परक शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे बच्चों का कौशल विकास भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दून विश्वविद्यालय अगले 2 साल के भीतर देश की टॉप 100 विश्वविद्यालयों में शुमार हो जाएगा। दून विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल का कहना है।

### पीए मोदी ने मीटिंग में दिए निर्देश; समाज के हर तबके से जुड़ने पर जोर दिया

## रक्षा बंधन पर मुस्लिम महिलाओं से मिलें एनडीए सांसद



**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने एनडीए सांसदों को रक्षाबंधन के दौरान मुस्लिम महिलाओं से मिलने के लिए कहा है। पीएम ने सांसदों से कहा कि रक्षाबंधन के दौरान कार्यक्रम आयोजित करें और मुस्लिम महिलाओं तक पहुंच बढ़ाएं। पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के एनडीए सांसदों के साथ हुई मीटिंग में यह बातें कहीं। मीटिंग में मौजूद कुछ सांसदों ने बताया कि पीएम मोदी ने समाज के हर तबके से जुड़ने पर जोर दिया।

ट्रिपल तलाक बैन होने से महिलाओं को मिली राहत: मीटिंग में पीएम मोदी ने ट्रिपल तलाक बैन करने के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इस फैसले से मुस्लिम महिलाओं को काफी राहत मिली है। संसद ने 2019 में ट्रिपल तलाक को बैन करने के लिए बिल पास किया था। इसके बाद तीन तलाक देना अपराध बन गया, जिसके लिए पति को जेल भी हो सकती है।

पिछले मन की बात कार्यक्रम में भी पीएम मोदी ने मुस्लिम महिलाओं के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था कि सरकार के हज पॉलिसी में बदलाव करने के बाद हज जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। इस साल 4 हजार मुस्लिम महिलाओं ने बिना महरम (पति या पुरुष रिश्तेदार) के हज किया है।

उत्तर प्रदेश के 45 सांसदों से मिले पीएम मोदी: पीएम मोदी ने पश्चिमी यूपी, कानपुर और बुंदेलखंड रीजन के 45 एनडीए सांसदों के साथ भी मीटिंग की।

### राजस्थान सीएम के बेटे, फउअ में लेनदेन की बातें कोडवर्ड में; मुख्यमंत्री के पीए का भी जिक्र

## राजेंद्र गुढ़ा ने लाल डायरी के तीन पेज रिलीज किए



**जयपुर: बर्खास्त** मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने राजस्थान में सियासी भूचाल लाने वाली लाल डायरी के कथित तौर पर तीन पन्ने सार्वजनिक कर दिए। गुढ़ा ने दावा किया है कि सीएम के करीबी और राजस्थान पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने इन पन्नों में सीएम के बेटे और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भवानी सामोता सहित अन्य लोगों से लेन-देन का जिक्र किया है। गुढ़ा ने कहा है कि मैं सरकार को नहीं, सरकार मुझे ब्लैकमेल कर रही है। बर्खास्त मंत्री ने दावा किया कि इस डायरी में मुख्यमंत्री के करीबी धर्मेंद्र राठौड़ की ही हैंडराइटिंग है। डायरी के कुछ पन्ने मिसिंग हैं, लेकिन मेरे पास जो पन्ने हैं, वह मैं जारी करूंगा। डायरी में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के लेन-देन की बातें कोड वर्ड में हैं और वैभव गहलोत सहित मुख्यमंत्री के सचिव को लेकर भी बातें लिखी गई हैं।

गुढ़ा ने जो पन्ने जारी किए, उनमें तीन पॉइंट लिखे हैं...: वैभव जी और मेरी दोनों की आरसीए चुनाव खर्चे को लेकर चर्चा हुई कि भवानी सामोता किस तरह तय करके भी लोगों के पैसे नहीं दे रहा है.... घर पर राजीव खन्ना और भवानी सामोता आए, आरसीए चुनाव का हिसाब किया...भवानी सामोता ने ज्यादातर लोगों से जो वादा किया है वो पूरा नहीं किया है...मैंने कहा यह ठीक नहीं है... आप इसे पूरा करो तो भवानी सामोता ने कहा कि मैं सीपी साहब की जानकारी में डालता हूं...फिर आपको 31 जनवरी तक बताता हूं...

सीएम के पीएस को भी फोन किया और कहा कि आरसीए वाला हिसाब कर दो मुझे जरूरत है...उन्होंने कहा कि सीएम से बात कर बताऊंगा।

(भवानी सामोता पूर्व आरएएस और वर्तमान में आरसीए के सचिव हैं। दावा किया जाता है कि वे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी के करीबी हैं, वे सीपी जोशी के पीएस भी रहे हैं)

गुढ़ा ने कहा- रंधावा ने माफी का दबाव बनाया: मुझे सरकार जेल में डाल देगी तो कोई और इस पर जवाब देगा। उन्होंने दावा किया कि इसमें धर्मेंद्र राठौड़ की हैंडराइटिंग है, मैं इस डायरी के पन्नों पर लगातार खुलासे करता रहूंगा, जेल गया तो मेरा विश्वस्त व्यक्ति आप तक इन पन्नों को पहुंचाता रहेगा।

## मानहानि केस में राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल

### कानूनी प्रकिया का दुरूपयोग हुआ; मुझे अहंकारी कहना सही नहीं



**नई दिल्ली: मोदी** सरनेम मानहानि केस में राहुल गांधी ने बुधवार यानी 2 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कानूनी प्रकिया का दुरूपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि माफी मांगने से मना करने पर अहंकारी कहा गया। ये निंदनीय है। दरअसल, 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार और सूरत के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी को मामले में जवाब देने के लिए कहा था। इस पर पूर्णेश मोदी ने कोर्ट में 21 पेज का हलफनामा दायर करते हुए कहा कि मोदी सरनेम केस में राहुल का रवैया अहंकारी है। उनकी याचिका खारिज कर देना चाहिए। दरअसल, राहुल गांधी ने 2019 में मोदी सरनेम को लेकर एक बयान दिया था।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म का वांछित शिवराजपुर से गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** नाबालिग से दुष्कर्म के प्रकरण में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शंकरगढ़ पुलिस ने यह गिरफ्तारी शिवराजपुर से की है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिव कुमार यादव ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ क्षेत्रभ्रमण पर थे। इसीदौरान मुखबिर की सूचना पर धारा 363, 504, 376, 366 व 3/4 पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त कुलदीप पुत्र संतोष कुमार को धर दबोचा। क्षेत्र के शिवराजपुर से धरा गया अभियुक्त मध्य प्रदेश के पटहट, थाना जनेह, जनपद रीवा का निवासी है। आरोपी का चालान भेज दिया गया है।

### बीए में प्रवेश के लिए सबसे अधिक दावेदार, बीएससी में दाखिले के लिए हुए रजिस्ट्रेशन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) एवं संघटक महाविद्यालयों में स्नातक प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। कुल 625014 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं और इनमें से 49519 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा किया है। शुल्क जमा करने वाले अभ्यर्थियों को ही काउंसलिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें सबसे अधिक 17774 अभ्यर्थियों ने बीए में दाखिले के लिए दावेदारी की है। इविवि एवं संघटक महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए इस बार रिकॉर्ड रजिस्ट्रेशन हुए हैं और पहली बार इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी काउंसलिंग में शामिल होंगे।

# बारिश ने गांव के विकास की खोली पोल

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** विकास खंड जसरा में शाम को हुई बरसात ने गांव के विकास की पोल खोल कर रख दिया है। थोड़ी सी बरसात ने गांवों में लोगों का चलना मुश्किल कर दिया है। तातारगंज में चौराहे से लेकर चितौरी मार्ग को जाने वाली सड़क पूरी तरह से भर गया है। सड़क पर जल जमाव हो जाने के कारण लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। बातें चलें कि बरसात का पानी निकलने के लिए कोई नाली का निर्माण नहीं किया गया है। गांव के अंदर एक तालाब था जिससे पर पूरी तरह से ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण करके तालाब का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया गया है। तालाब के समाप्त होने के कारण थोड़े से बरसात का पानी सड़क पर भर जाने से आने जाने वाले लोगों को पानी से ही गुजरना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर भी इसका निराकरण नहीं किया जा रहा है। वहीं तहसील प्रशासन भी



तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने में विफल है। ऐसी स्थिति में बरसात का पानी न



निकलने से आने जाने वाले लोगों को भारी समस्या बनी हुई है।

## मूसलाधार बारिश होने से किसानों के खिले चेहरे

**मांडा।** प्रयागराज मांडा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सुबह चार बजे से सुबह आठ बजे तक हुई वारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई। माह भर से तेज उमस से किसान सहित आम लोग परेशान रहे। सूखे पड़े खेतों से धूल उड़ रही धूप व थी। जिन खेतों ने पानी का जुगाढ़ कर धान की रोपाई कर रखी थी, ऐसे खेतों में दरारे पड़ी देख किसान चिन्तित थे । इन्द्र देव ने इन किसानों की सुध ली बुधवार को सुबह से शाम तक आकाश में बादल छाए रहे। रह रह कर रिमझिम बरसात होती रही। मौसम सुहाना रहा। सिंचाई के पानी को लेकर हो रही मारामारी कुछ दिन के लिए समाप्त हो गई। दो दिन पहले बेलन नहर में चल रहा सिंचाई का पानी बंद कर दिया था, राजनैतिक दबाव पर खोल दिया गया। देर से ही सही अब किसानों को राहत मिल जाएगी रामपुर बखार गांव के किसान शिव राम प्रजापति ने बताया कि हांलाकि अभी तेज वारिश नहीं हुई है, फिर भी बरसात का यह पानी खेती के लिए अमृत का काम कर गया।

### मेजा के टिकुरी समहन गांव के समीप अनियंत्रित कार ने युवक को रौंदा

**मेजा।** मेजा के टिकुरी समहन गांव के समीप एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े अज्ञात युवक को रौंदते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। जिससे सड़क किनारे खड़े अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम करीब साढ़े सात बजे मेजा थाना क्षेत्र के टिकुरी समहन गांव के समीप प्रयागराज- मिर्जापुर मार्ग पर एक अनियंत्रित कार गाड़ी ने सड़क किनारे खड़े एक अज्ञात युवक को रौंदते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दिया। अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार मेजा के नेवढ़िया गांव निवासी अजय कुमार मिश्र पुत्र राधेश्याम मिश्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पीछे बाइक पर बैठा एक और युवक छिटक कर दूर जा गिरा। सूचना पर चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा पुलिस टीम के साथ पंहुचे और गंभीर रूप से घायल अजय को तत्काल अस्पताल भिजवाया और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। चौकी प्रभारी रामभवन वर्मा ने बताया कि मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है और वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा था। वहीं टक्कर मारने के बाद कार सवार भाग निकला।

## न्यूज झरोखा

### पसमांदा मुस्लिम समाज का हित केवल भाजपा में : चंदू



**मेजा।** कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ताओं का मान सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा करना पार्टी की नैतिक जिम्मेदारी होती है भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें पसमांदा मुस्लिम समाज का हित व विकास निहित है उक्त उदगार भाजपा समर्पित राष्ट्रीय पसमादा मंच नव नियुक्त जिलाध्यक्ष चांद मोहम्मद उर्फ चंदू ने बुधवार को अपने निजी आवास भरतगंज में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ब्यक्त किये। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है मै उस खरा उतरने की पूरी कोशश कर रहा हूं। श्री चंदू ने कहा कि आगामी आने वाले लोक सभा चुनाव में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार पुनः बनाकर खासकर पसमांदा मुसलमानों का हक दिलाने काम करूगा। आगे उन्होंने कहा कि बीजेपी जाति पांती से हटकर सर्व समाज को बराबर की हिस्सेदारी देने की बात करती ही नहीं बल्कि पूरा कर-के दिखती भी है। आज पसमांदा मुसलमानों का जो सम्मान भाजपा में मिल रहा है वह अन्य पिछली किसी भी पार्टी की सरकारों में नहीं मिला है। इतना ही नहीं चंदू ने यह भी कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं इनके मान सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा करना पार्टी का मूल कर्तव्य है। उनका मानना है कि आने वाले लोक सभा चुनाव में उनके नेतृत्व में पसमांदा मुस्लिम भारी संख्या में भाजपा का समर्थन करेंगे और मोदी जी को पुनः पीएम बनाएंगे। इस मौके पर काजू अली गुलाब शेखावत सुंदर अली रहीम अली तथा अक्षम अली के अलावा कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### खखैचा में ग्यारह दिवसीय शिव महापुराण प्रारंभ



**जंघई।** पुरुषोत्तम (मलमास) के पावन महीने में क्षेत्र के गहरपुर खखैचा में दुबरी महादेव के पावन प्रांगण में मुख्य यजमान सुरेश चंद्र मिश्र द्वारा बुधवार से ग्यारह दिवसीय शिव महापुराण कथा तथा विभिन्न क्षेत्रों से पधारे वेदज्ञ ब्राम्हणों के साथ वैदिक मंत्रों से गणपति तथा शिव पूजन करके रुद्रयज्ञ प्रारंभ किया गया। कथा व्यास पूज्य देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने कथा महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए भगवान शिव की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर बृजेश ओझा, केशव प्रसाद मिश्र, ब्रम्ह प्रसाद मिश्र, हौसिला प्रसाद मिश्र, मूलचंद मिश्र, रमेश चन्द्र मिश्र, दिनेश चंद्र मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद दुबे, ग्राम प्रधान मिठाई लाल, चंद्रशेखर दुबे, आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक, सबल सिंह, पप्पू मिश्र, बब्बन मिश्र आदि लोग बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

### गौ तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

**13 अदद गोवंश व दो अदद पिकअप वाहन किया बरामद**



**रत्योरा।** थाना कोरांव पुलिस ने क्षेत्र के बड़ोखरा गांव से बुधवार को अल सुबह 2 नफर गोवंश तस्करों को मय 13 अदद गोवंश व दो अदद पिकअप वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के पास से बरामद गो वंशों में 5 अदद गाय व आठ अदद बैल शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में नौलखा बिंद पुत्र स्वर्गीय घरभरन बिंद निवासी ग्राम कुरासन थाना भभुआ जिला भभुआ बिहार व सिद्धनाथ खरवार पुत्र सुमेर खरवार निवासी ग्राम अमहरा थाना अघौरा जनपद भभुआ बिहार शामिल हैं। उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार, उपनिरीक्षक वंश नारायण सिंह यादव, उपनिरीक्षक बृजेश सिंह, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार अस्थाना, उपनिरीक्षक अनुज राय, हेड कांस्टेबल राजकुमार राय, कांस्टेबल वीरेंद्र विक्रम, कांस्टेबल भूपेंद्र यादव, कांस्टेबल विकास यादव, कांस्टेबल बजरंग बहादुर शामिल रहे।

# पूरन नाथ धाम डीहा गंगा घाट पर 15 दिवसीय आराधना महोत्सव शुरू

अखंड भारत संदेश

**करछना।** रूद्र सेवा समिति की ओर से आचार्य रूद्र प्रसाद मिश्र की स्मृति में 15 दिवसीय श्रावणमास आराधना महोत्सव डीहा गंगा घाट स्थित बाबा मन पूरननाथ धाम में 3 अगस्त बृहस्पतिवार से 17 अगस्त बृहस्पतिवार तक जन कल्याण हेतु आयोजित किया गया है। जिसमें प्रतिदिन आचार्य जनों की मौजूदगी में रुद्राभिषेक भी संपन्न होगा । वही आराधना महोत्सव के एक दिन पूर्व बुधवार को शिवभक्त लोगों की ओर से कावड़ यात्रा सहित महिलाओं की ओर से कलश यात्रा भी निकाली गई। जिसमें लोगों की भीड़ रही । कावड़ यात्रा कबरा के हनुमान घाट से गंगाजल भरकर के यात्रा



मनपूरन नाथ धाम पहुंची। जहां पर हर हर महादेव के उद्घोष के साथ लोगों की ओर से जलाभिषेक किया गया। वही सायं कालीन में भव्य भगवान भोले की सामूहिक रूप से आरती की गई। कावड़ यात्रा व कलश यात्रा का स्वागत व अभिनंदन जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू की ओर से डीहा बाजार में किया गया। साथ ही साथ सभी शिवभक्त लोगों को जलपान व फल हार भी कराया गया। वही कावड़ियों के ऊपर लोगों की ओर से फूल भी बरसाए गए। यात्रा का संचालन प्रधानाचार्य कृष्ण प्रकाश तिवारी ने किया। भाजपा यमुनापार के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व पूर्व सदस्य जिला पंचायत त्रिवेणी प्रसाद पांडेय की ओर से यात्रा में शामिल सभी लोगों का फूल मालाओं से स्वागत व अभिनंदन किया गया। जिसमें जितेंद्र नारायण शुक्ला डॉ विजय बाबू यादव त्रिवेणी प्रसाद पांडेय प्रमोद कुमार मिश्र प्रेमचंद प्रधान आजाद सिंह पूर्व प्रधान नकुल प्रसाद निषाद कृष्ण कुमार मिश्र शशि भूषण पांडेय राम पांडे शशि कांत पांडेय बरम दिन तिवारी नितेश मिश्रा राहुल तिवारी राज प्रताप सिंह विद्याधर मिश्र गोपाल पांडेय विनायक पांडेय देवी शंकर तिवारी रवि तिवारी कल्लू केसरी जटाशंकर केसरी आदि शिव भक्त लोग शामिल रहे।



## नवागंतुक अधिशासी अधिकारी ने संभाला पदभार

### सभासद ने अधिशासी अधिकारी बंटी कुमारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

**रत्योरा।** नगर पंचायत कोरांव में रिक्त चल रहे अधिशासी अधिकारी के पद पर सुश्री बंटी कुमारी की तैनाती कर दी गई है। बुधवार को बंटी कुमारी ने नगर पंचायत कार्यालय में पहुंचकर कार्यभार संभाला। इस दौरान शास्त्री नगर मोहल्ले के सभासद शैलेश सिंह शैलू ने नवागंतुक अधिशासी अधिकारी बंटी कुमारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नगर के विकास कार्यों में सभी सभासदों ने समुचित सहयोग करने की बात कही है। अधिशासी अधिकारी का स्वागत करने के दौरान बहादुर शाह नगर के सभासद प्रतिनिधि विजय जायसवाल, सभासद मुस्तफा एवं सभासद राजकुमार केसरी शामिल रहे। कार्यभार संभालने के बाद अधिशासी अधिकारी बंटी कुमारी ने सभासदों को आश्वस्त किया कि चेयरमैन व कमेटी के सभी सदस्यों के साथ मिलकर नगर के विकास कार्यों को अंजाम देने का कार्य करूंगी। जिसमें कमेटी के सभी सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है।

# गांव से शराब का ठेका हटाने के लिए महिलाओं ने कराई दुकान बंद

अखंड भारत संदेश

**नियम ,कानून को दरकिनार कर खुलवाया गया देशी शराब की दुकान सौ मीटर दूरी पर है मन्दिर, मदरसा, मस्जिद**



**मऊआइमा।** नियम कानून को दरकिनार करके देशी शराब की दुकान को बस्ती के बीचों बीच मन्दिर, मस्जिद, मदरसा के सौ मीटर के दायरे में खोल देने से नशेड़ियों द्वारा महिलाओं, बहन बेटियों से छेडखानी करने से आक्रोशित महिलाओं ने शराब का ठेका बंद करा कर धरना प्रदर्शन करने लगीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को समझा बुझा कर शराब की दुकान खोलवाया। तथा ग्रामीणों ने शराब की दुकान हटवाने के लिए मऊआइमा में तहरीर दी। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ में पहले देशी शराब का ठेका गांव से दूर था। बताते हैं कि एक माह से गांव के बीचों बीच तथा मन्दिर मस्जिद एंव मदरसा के सौ मीटर के दायरे में खोल दिया गया। गांव के चिरौंजी लाल, राम बाबू गुप्ता, पप्पू, केशव प्रसाद, सुध्दू, सजन लाल, लालचन्द्र ,हरिश्चंद्र आदि घरों की महिलाओं तथा पुरुषों का आरोप है कि जब से शराब का ठेका खुला है नशेड़ी नशे में धुत होकर बहन बेटियों का जीना मुहाल कर दिए हैं। आरोप है कि बुधवार को एक नशेड़ी महिलाओं के घर के सामने पेशाब करनेवाले लगा। जिसपर उत्तेजित महिलाओं ने शराब के ठेके को घेर कर बंद करा दीं। पुलिस को सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंच कर तहरीर ली तथा शराब कि दुकान खुलवा दी। पुलिस का कहना था कि यदि सभी को आपत्ति है तो वह शिकायतीपत्र डीएम, एसडीम को दें। जिससे ग्रामीण शांत हो कर डीएम एसडीएम को शिकायतीपत्र देने के लिए गुरुवार को तैयारी कर ली है।

### दुकानदार से लूट के मामले में पुलिस ने दो बदमाशो को उठाया पूछताछ जारी

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव में एक दुकानदार से पांच हजार और मोबाइल छीन कर भागे बाइक सवार बदमाशों का तमंचा, बाइक की बरामदगी के बाद। फरार आरोपियों में से पुलिस ने दो को दबोच लिया तथा एक कीं तलाश जारी है। मऊआइमा के अलावलपुर गांव निवासी सत्यम पुत्र बडेलाल मंगलवार को मध्य राति में दुकान बंद कर खडा था। बताते हैं कि तभी एक बाइक पर तीन सवारों ने तमंचा लगा कर पांच हजार मोबाइल छीन कर भागे कार से पीछा कर थाना पडाव चौराहे पर बदमाशों की बाइक में टक्कर मार कर गिरा दिया गया। बदमाश बाइक और 315 बोर का तमंचा हाईवे पर छोड कर भाग गए। बताया गया है कि मऊआइमा पुलिस ने प्रतापगढ़ से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है जबकि एक अन्य की तलाश में दबिश दे रही है। फिलहाल सत्यम पुत्र बडेलाल ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# यमुनापार में हो चीनी मिल व कोल्ड स्टोरेज की स्थापना

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** यमुनापार के किसानों के उत्थान व सिंचाई के लिए पानी के झंझट से निजात के लिए यमुनापार क्षेत्र का औद्योगिक करण जरूरी है। यमुनापार में चीनी मिल एवं कोल्ड स्टोरेज की स्थापना से कोरांव, बारा, करछना, मेजा एवं शंकरगढ़ के किसानों की समस्याएं कम होंगी और उन्हें पारंपरिक खेती गेहूं और धान के बजाय गन्ना व आलू टमाटर की खेती करने का प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे उनकी आय भी बढ़ेगी। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी से प्रयागराज संसदीय क्षेत्र से दावेदारी प्रस्तुत कर रहे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह के पौत्र भाजपा नेता कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह पत्रकार वार्ता के दौरान कही। भाजपा नेता श्री सिंह ने स्थानीय पत्रकारों से वार्ता कर प्रयागराज लोकसभा सीट से अपनी दावेदारी की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रजातांत्रिक देश में जनता राजा है।



भाजपा नेता कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने पत्रकार वार्ता कर दिए सुझाव, कहा इससे दूर होंगी किसानों की समस्याएं

जिनके द्वारा चुना हुआ जनप्रतिनिधि उनका प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने यमुनापार क्षेत्र के विकास का खाका खींचते हुए कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र में चीनी मिल एवं कोल्ड स्टोरेज की स्थापना से जहां किसान लाभान्वित होंगे, वहीं यहां के स्थानीय मजदूरों को भी काम मिलेगा और क्षेत्र से हो रहे मजदूरों के पलायन पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने अपनी दावेदारी को लेकर स्थानीय पत्रकारों से सहमति मांगी इस पर सभी पत्रकारों ने कहा कि कोरांव एवं यमुनापार क्षेत्र की समस्याओं से परिचित एवं रूबरू होने वाला दूसरा कोई भी दावेदार नहीं हो सकता। सभी स्थानीय पत्रकारों ने श्री सिंह के इस यात्रा की शुरूआत के लिए बधाई दी और कहा कि निश्चित तौर पर कोरांव से शुरू हो रही यह यात्रा आने वाले समय में एक सुखद अनुभूति प्रदान करेगी। उन्होंने यमुनापार क्षेत्र के आठ ब्लाकों के 640 गांवों की समस्याओं से परिचित होने का दावा करते हुए कहा कि हर एक समस्या पर ध्यान केंद्रित कर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्हें दूर कराने का भरसक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अवर्षण की स्थिति में सूखे की मार से कराह रहे क्षेत्रीय किसानों को सर्वे के आधार पर सूखा राहत धनराशि मुहैया कराने को लेकर सरकार एवं अधिकारियों से मिलकर प्रभावित किसानों को आपदा राहत दिलाने को लेकर सकारात्मक परिणाम पर भी बल दिया।


### मऊआइमा के एक गांव में दो स्थानों पर खूनी संघर्ष नौ पर केस

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक गांव में दो स्थानों पर खूनी संघर्ष में कई घायल हुए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों ममलों में नौ के खिलाफ केस दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बांकाजलालपुर गांव निवासनीय शकीला बानों पत्नी सलीम उद्दीन का कहना है कि घर में पतरा लगाने को लेकर पडोसी उसे और स्वजनों को बेरहमी से पीट पाट कर घायल कर दिए।
शकीला बानों ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के ही कलीम उद्दीन ,रेशमा, गुडडी, अरमान, साबिरा के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है ।दूसरा मामला इसी गांव के निवासी जीशान आलम पुत्र फखरे आलम का कथन है कि गांव में अपना रोब जमाने के लिए पडोसी गांव छीतेमऊ के कतिय दबंगों ने उस समय सरिया, धारदार हथियारों से हमला कर दिए जब वह बाजार में सामान खरीदने गया था। जीशान आलम का आरोप है कि कतिय दबंगों ने उसे मार पीट कर लहुलुहान कर जान से मारने की धमकी दी। मोबाइल पटक कर क्षतिग्रस्त कर दिए। घायल जीशान आलम ने तहरीर दे कर छीतेमऊ निवासी मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद इरशाद पुत्र अजीज और इरशाद का पुत्र अर्सलैन, रिश्तेदार साहिल पुत्र अज्ञात ग्राम पुतलकी कोतवाली लालगंज प्रतापगढ़ के खिलाफ संगीन धाराओं में केस करा दिया है।

# आई फ्लू: ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों में तेजी से पसार रहा पांव

अखंड भारत संदेश

**करछना।** इन दिनों आंखों में आई फ्लू के चलते स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के आंखों में आई फ्लू पसार चुका है बड़ी संख्या में छात्र प्रभावित हुए हैं कोविड-19 संक्रमण की तरह यह भी आंखों में आई फ्लू तेजी से ग्रामीण अंचलों में पांव पसार चुका है बड़ी संख्या में प्राइमरी से लेकर नर्सरी एवं इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राएं प्रभावित हो रहे हैं जिसके रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस अभियान नहीं चला गया है कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं पूरी तरह से आई फ्लू की चपेट में आने से उनकी पढ़ाई भी चौपट हो रही है और एक दूसरे के संपर्क में आने से यह बहुत तेजी से फैल रहा है जिसे रोकथाम के लिए स्वास्थ्य महकमे को स्कूल कॉलेज में जागरूकता एवं



स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी कोई पहल नहीं की गई बचाव के लिए

दवाओं की आवश्यकता है जिसके रोकथाम को लेकर जल्द कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों का आई फ्लू से बुरा हाल एवं पढ़ाई पर बुरा असर पड़ सकता है अभिभावकों ने स्वास्थ्य महकमे को जागरूकता एवं उसके बचाव एवं दवाओं का वितरण कैंप लगाकर किए जाने को लेकर संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को इस ओर ध्यान आकर्षित करने की अपील की है।

## खण्ड शिक्षाधिकारी ने बैठक कर आई फ्लू वायरस से बचाव हेतु की चर्चा



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के महमदपुर सराय अली स्थित प्रा. विद्यालय में खण्ड शिक्षाधिकारी ने एक बैठक कर आई फ्लू वायरस पर की चर्चा। मऊआइमा के महमदपुर सराय अली प्राथमिक विद्यालय में खण्ड शिक्षाधिकारी ने एस,एम, सी की बैठक आहृत कर ए आर पी प्रदीप कुमार, प्रधानाधापिका अंजली पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किये। बैठक में एस एम सी उपाध्यक्ष एंव सभी सदस्यों से निपुण भारत, वायरल संक्रमण आई फ्लू के बचाव के लिए जोर देते हुए तमाम बचाव के उपयोग बताए गए।तथा शिक्षकों अभिभावकों छात्र छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### दलित बीडीसी को जान से मारने की धमकी देते हुए की हवाई फायरिंग

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के छाता गांव में दबंगो द्वारा महिलाओं को देख कर तेज हार्न बजाये जाने पर गांव के दलित बीडीसी द्वारा मना करने पर मारे पीटे तथा हवाई फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पुलिस ने एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के छाता गांव निवासी उमेश कुमार उर्फ लादेन दलित पुत्र राम राज गांव के बीडीसी हैं ।आरोप है कि ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासी कतिपय युवक उनके गांव आ कर महिलाओं को देख कर तेज हार्न बजाने लगते हैं ।दलित बीडीसी ने मना किया तो उसे गिरा कर मारे पीटे जाति सूचक गालियां देते हुए दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। दलित बीडीसी उमेश कुमार उर्फ लादेन ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर कटभरपरमेजपुर निवासी सुजीत कुमार यादव, राम सिंह यादव, आशीष यादव के खिलाफ एस सी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है।

## स्थायी तहसीलदार की नियुक्ति न होने से न्यायिक कार्य बाधित : यादवेन्द्र अहीर




**पसना।** तहसील मुख्यालय कोरांव में स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति न होने से जनसुनवाई एवं न्यायिक कार्य बाधित हो रहा है। उक्त बातें बार एसोसिएशन कोरांव के नवनिर्वाचित आय-व्यय निरीक्षक यादवेंद्र अहीर एडवोकेट ने कही। यमुनापार के दक्षिणांचल में स्थित तहसील कोरांव में विगत 30 जून को तहसीलदार अनिल वर्मा का प्रमोशन होने के बाद स्थानांतरण हो गया था। उसके बाद करछना तहसीलदार गणेश सिंह को कोरांव में भी तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया था। प्रभारी तहसीलदार के हफ्ते में एक दो दिन आने से न्यायिक कार्य तथा जन समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।जिससे वादकारियों को मुकदमें केवल तारीख पर तारीख मिल रही है। इतना ही नहीं तहसील में राजस्व संबंधित मामले लंबित पड़े है। वाद कारियों ने बताया कि लगभग महीनें भर से अधिवक्ताओं की हड़ताल थी, उसके बाद बार एसोसिएशन के चुनाव की वजह से तहसील कोरांव में लगभग 3 महीने से न्यायिक कार्य बाधित रहा।यहां तक की जो वादकारी जल्दी वाद निस्तारण हेतु उच्च न्यायालय से डायरेक्शन लेकर आए थे, उनकी अवधि समाप्त होने के बावजूद अभी तक वाद निस्तारण नहीं हो पाया है। तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से अविलंब स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति की मांग की है।

## सूचना

अखंड भारत संदेश हिंदी दैनिक समाचार पत्र के 1 अगस्त 2023 के पेज नंबर 3 पर प्रकाशित खबर जनपद न्यायालय के पेशकार प्रवीण कुमार श्रीवास्तव हुए सेवानिवृत्त, न्यायाधीश संतोष राय ने पहनाया माला। खबर का अखंड भारत संदेश हिंदी दैनिक अखबार खंडन करता है। यह खबर प्रकाशित होने के लिए किसी भी पदाधिकारी के लेटर हेड पर अखबार के कार्यालय को नहीं प्राप्त हुआ है । जिसकी वजह से इस खबर का दैनिक अखबार अखंड भारत संदेश खंडन करता है।

## खबर संक्षेप

### 5 अगस्त से प्रयागराज से चलेगी कालिंदी एक्सप्रेस

**प्रयागराज।** प्रयागराज से हरियाणा जाने वाले यात्रियों को राह अब आसानी होगी क्योंकि प्रयागराज से हरियाणा के लिए ट्रेन का सीधे संचालन शुरू होने जा रहा है। भिवानी (हरियाणा) जाने वाली कालिंदी एक्सप्रेस का प्रयागराज तक विस्तार होगा। अब 5 अगस्त से कालिदी एक्सप्रेस प्रयागराज से चलेगी। इतना ही नहीं इस ट्रेन के कोच भी अपग्रेड कर एलएचबी में परिवर्तित किया जाएगा, इस ट्रेन की गति भी बढ़ाई जाएगी। प्रयागराज से यह ट्रेन 14117 के रूप में पहचानी जाएगी। भिवानी से इस ट्रेन की संख्या 14118 होगी। मौजूदा समय में यह ट्रेन 14723-14724 के रूप में जानी जाती है।

**मैनपुरी के रास्ते होगा इस ट्रेन का संचालन :** उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यह ट्रेन प्रयागराज से रवाना होगी जो मैनपुरी, कन्नौज, फरूखार्बाद होते हुए हरियाणा की तरफ बढ़ेगी। अभी इस ट्रेन का संचालन कानपुर सेंट्रल से भिवानी जंक्शन के बीच ही हो रहा है। अब यह 5 अगस्त से प्रतिदिन शाम से 3:50 बजे रवाना होगी। शाम 6.20 बजे यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल, 6.43 बजे अनवरगंज, रात 9.50 बजे फरूखार्बाद होते हुए भिवानी जंक्शन पर पहुंचेगी।

# जिलाधिकारी ने की एअर फोर्स डे-2023 की तैयारियों के सम्बंध में बैठक

## जिलाधिकारी ने समन्वय बनाकर सकुशल तरीके से कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न कराये जाने के लिए कहा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में एअर फोर्स डे-2023 की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। एअर फोर्स डे-2023 का आयोजन 08 अक्टूबर, 2023 को प्रस्तावित है, जिसमें परेड एअरफोर्स, बमरौली के कमाण्ड सेंटर में तथा संगम तट पर एअर शो का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। एअर फोर्स डे को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी ने एअर फोर्स के अधिकारियों एवं सेना के अधिकारीगणों से कहां पर क्या-क्या आवश्यकता है, के लिए प्रस्ताव मांगे है। उन्होंने एअरफोर्स के अधिकारियों के द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर जिला प्रशासन की तरफ से टीम का गठन कर आपस में समन्वय बनाकर कार्यक्रम का सकुशल तरीके से आयोजन सम्पन्न कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी टॉस्क मिले है, उसके लिए एक टीम बना ली जायेगी, जिसमें मजिस्टेज्ट सहित पुलिस विभाग के अधिकारीगण रहेंगे। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को विद्युत तार से सम्बंधित तैयारी के लिए एक टीम का गठन करके उसकी सूची देने के लिए कहा है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी मेला दयानंद को संगम क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी को स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कार्यों के लिए टीम का नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिसमें दवाओं, एम्बुलेंस सहित अन्य व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है तथा एक कंट्रोल रूम की स्थापना भी कराये जाने के लिए कहा है, जिसमें सभी सम्बंधित विभागों के एक-एक अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। सुरक्षा एवं यातायात के दृष्टिगत एक टीम का गठन किया जायेगा तथा पूरे कार्यक्रम के संचालन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में एक अपर जिलाधिकारी नियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने नगर निगम को आयोजित स्थल पर साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर डी0सीपी0 गंगापार श्री अभिषेक भारतीय, अपर जिलाधिकारी नगर श्री मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी मेला दयानंद, मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डेय सहित एयरफोर्स के अधिकारीगण एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डेंगू के मामले सामने आने के बाद प्रयागराज में अलर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 58, गाजियाबाद में 17 और कानपुर में डेंगू के 52 मामले सामने आने के बाद मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशु पांडे ने जिले में अलर्ट जारी कर दिया है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने डेंगू एवं संचारी रोगों की रोकथाम के लिए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, मलेरिया अधिकारी और डीपीआरओ को व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर एंटी लार्वा, चूने का छिड़काव, साफ-सफाई तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।जिलाधिकारी ने नगर निगम को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ ही वार्डवार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में जन-जागरूकता रैली निकालने को कहा। बैठक में नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए नगर निगम के पास फॉगिंग के लिए 135 साईकिल, माउंटेड फॉगिंग मशीन, आठ बड़ी फॉगिंग मशीन तथा एंटी लार्वा छिड़काव के लिए 212 बैटरी संचालित स्प्रे मशीन, 20 व्हीकल माउंटेड स्प्रे मशीन उपलब्ध हैं।वहीं, जन-जागरूकता के कार्य के लिए स्मार्ट सिटी के द्वारा पीए सिस्टम, वीएमडी, दैनिक समाचार पत्रों, पम्पलेट वितरण, डीटीडीसी वाहनों में लगे माइक सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को रैली के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाने को कहा। जिला कार्यक्रम अधिकारी को आंगनबाड़ी द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सुअर बाड़ों, डेयरी, गोशालाओं सहित अन्य संबंधित स्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, सीएमओ को अस्पतालों में मरीजों की देखभाल बेहतर ढंग से कराए जाने तथा हेल्थ कैंप लगाने को कहा। जिला पंचायतराज अधिकारी को एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधानों को संचारी रोग से बचाव व नियंत्रण के संबंध में प्रशिक्षण देने को कहा। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम को क्रियाशील करने तथा माइक्रो प्लान के तहत निगरानी करने को कहा।

# डीसीपी ने 3 इंस्पेक्टर समेत 11 एसआई का किया ट्रांसफर

अखंड भारत संदेश

**बृज किशोर नगर उपायुक्त के वाचक अजय यादव को धूमनगंज का अतिरिक्त निरीक्षक नियुक्त किया**



**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नरेट के नगर उपायुक्त दीपक भूकर ने मंगलवार की देर रात तीन इंस्पेक्टरों और दो दरोगाओं को पुलिस लाइन से पोस्टिंग देने के साथ ही सात दारोगाओं का कार्यक्षेत्र बदल दिया। चर्चा है कि अभी और ट्रांसफर पोस्टिंग होंगे। जिससे सेटिंग करके टिके रहने वाले पुलिस वालों में खलबली मची हुई है। प्रयागराज डीसीपी नगर दीपक भूकर की ओर से मंगलवार की देर रात तीन इंस्पेक्टरों समेत 11 दारोगाओं की ट्रांसफर लिस्ट जारी की गई। जिसमें पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर बुज किशोर गौतम को डीसीपी नगर ने अपना वाचक नियुक्त किया है। इनके अलावा पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव को धूमनगंज और राम लक्ष्मण सिंह यादव को दारागंज कोतवाली का अतिरिक्त निरीक्षक नियुक्त किया गया है। गंगानगर के सोरांव थाने में पोस्टेड सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार को अतरसुइया, सब इंस्पेक्टर राम नरेश यादव और मोहम्मद आरिफ को पुलिस लाइन से कोतवाली नगर, डीसीपी नगर के पीआरओ रहे सब इंस्पेक्टर गुरु प्रसाद प्रजापति को धूमनगंज थाने के टीपी नगर चौकी प्रभारी बनाया गया है। डीसीपी नगर के दूसरे पीआरओ सब इंस्पेक्टर महिपाल यादव को चौकी प्रभारी पीपल गांव, एयरपोर्ट थाना, नगर कोतवाली में पोस्टेड सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार उपाध्याय को कैंट थाना अंतर्गति चौकी प्रभारी नाका, नगर कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर आशीष कुमार बौद्ध को थाना एयरपोर्ट और चौकी प्रभारी पीपल गांव थाना एयरपोर्ट रहे सब इंस्पेक्टर रणविजय सिंह को धूमनगंज थाने भेज दिया गया है।

### छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** सिविल लाइन्स शहर के कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ने वाले 11वीं के छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी है। वह अपने पिता की मौत के बाद से तनाव में था। इस घटना से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सिविल लाइंस पुलिस ने बुधवार को जांच की। पुलिस ने बताया कि पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स के पास रहने वाले व्यापारी अजय जायसवाल की कुछ वर्ष पहले मौत हो गई थी। उनकी पत्नी अर्चना अपने दो बेटों के साथ रहती हैं। एक बेटा 16 साल का अनिरुद्ध राज सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज में 11वीं का छात्र था। पिता की मौत के बाद से वह तनाव में रहने लगा था। मंगलवार देर रात लगभग एक बजे अनिरुद्ध ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। बुधवार तड़के जब परिजनों ने उसे फांसी के फंदे पर लटके देखा तो शोर मचाया। उसकी मां और भाई का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सिविल लाइंस पुलिस जांच के लिए पहुंच गई। पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिता की मौत के बाद से वह डिप्रेशन का शिकार हो गया था।

# नैनी में मनगढ़त निकली 1.74 लाख की लूट

## फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने ही रची थी साजिश, पूरे नहीं हो रहे थे खर्चे, गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के बरामार गांव के तेंदुआवन मोड़ के पास मंगलवार देर रात एक माइक्रो फाइनेंस कर्मचारी के साथ हुए लूट की घटना का औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस व यमुनानगर एसओजी की टीम द्वारा सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के कब्जे से एक लाख पैंसठ हजार रुपये,एक टैबलेट, एक मोबाइल फोन,एक बायो मैट्रिक मशीन, दो नोट पैड, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (अपाचे) व अन्य सामान बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन लि0 में मैनेजर के पद पर कार्यरत सूरज कुमार बिंद पुत्र राकेश कुमार बिंद निवासी खड़ियांन थाना कौंधियारा प्रयागराज जो अपने कार्यक्षेत्र से मीटिंग कर किश्त की धनराशि बैग में लेकर अपने ऑफिस लौट रहे थे कि रास्ते मे ही तेंदुआवन मोड़ पर मोटर सायकिल सवार बदमाशों ने रुपये से भरा बैग और उसमें रखे नोट और टैबलेट और अन्य सामान लूट लिए। इस घटना के बाद सूरज ने अपने अधिकारी व डायल 112 पर दिया था । इस घटना के संबंध में आवेदक रंजीत कुमार पुत्र पुत्र प्यारेलाल द्वारा मुकदमा 161/23 धारा 392 क्ढ़उ औद्योगिक थाने पर पंजीकृत कराया गया था। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए करवाई शुरू की गई तो सूरज की बातों से पुलिस को शक हुआ जिसके बाद कड़ाई से पूछताछ की गई और सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तो खुद सूरज ही इसका मास्टरमाइंड निकला और इसने ही अपने कमरे से लूट की एक लाख पैंसठ हजार रुपये , एक टैबलेट्, एक मोबाइल फोन,एक बॉयोमेट्रिक मशीन, परमिशन फॉर्म, दो नोट पैड, लोन वितरण परमीशन पावती, कारपोरेशन गेम 4 पीस, कलेक्शन शीट व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल (अपाचे) बरामद किया गया। आपको बता दे पुलिस आयुक्त के निर्देश में अपराध एवम अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर संतोष कुमार मीणा व सहायक पुलिस आयुक्त करछना अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस व एसओजी यमुनानगर टीम द्वारा इस घटना के चौबीस घंटे के अंदर इस घटना का अनावरण किया गया।

# सिलेंडर फटने से मकान पूरी तरह जलकर खाक



**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघेड़ा पांडे का पूरा मैं बीती रात एक गरीब के घर में गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में आग लग जाने से गैस सिलेंडर फट गया जिसके चलते पूरा मकान ध्वस्त हो गया और आग की लपटों में घर गिरस्ती का पूरा सामान जलकर खाक हो गया मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पानी के अभाव में आग पर काबू नहीं पा सके। गिरस्ती का पूरा सामान जलकर राख हो गया बताया जाता है कि रेशमा शुक्ला पत्नी संतोष शुक्ला का मकान गांव से कुछ दूरी पर स्थित है जहां पानी का कोई संसाधन नहीं है बीती रात अचानक गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में आग लग गई और वह आवाज कर ब्लास्ट कर गया इससे हताहत कोई नहीं बल्कि मकान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया बताया जाता है कि पीड़ित महिला रेशमा शुक्ला मां शीतला जी स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं तथा किसी तरह अपने घर पर बच्चों का पालन पोषण करती है इसका पूरा मकान जल गया रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं है गांव वालों ने मदद से इसी तरीके से दो वक्त की रोटी नसीब हो सके ग्रामीणों ने गरीब महिला के हुए नुकसान को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की तहसील प्रशासन से मांग की।

# इंटरनेट का तार जोड़ने खंभे पर चढ़ा युवक करंट की चपेट में आया, मौत

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को खंभे पर इंटरनेट का तार जोड़ने चढ़ा युवक करंट की चपेट में आ गया। आस पास के लोग उसे हॉस्पिटल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। नैनी क्षेत्र के छिवकी गांव में रहने वाला आंनद कुमार (24) पुत्र संजय कुमार वाईफाई कनेक्शन करने का काम करता है। बुधवार को आंनद मामा भांजा अंतर्गत नेवती इलाके में वाईफाई का तार जोड़ने के लिए खंभे पर चढ़ा था। उसी दौरान वह 11 हजार लाइन की चपेट में आ गया। जिससे आंनद बुरी तहर झुलस गया। आस पास के लोगों ने गंभीर हालत में आंनद को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका ले गए बाद में उसे स्वरूपरानी नेहरू ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# जनपद न्यायालय में कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ द्वारा किया गया समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जनपद न्यायालय के कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ द्वारा समारोह आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई । कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश संतोष राय जी ने उपहार देकर सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया । जनपद न्यायालय प्रयागराज के कर्मचारी आशीष किशोर श्रीवास्तव (प्रशासनिक अधिकारी) राजीव पांडे (पुस्तकालयाध्यक्ष) दया शंकर त्रिपाठी (अमीन) प्रवीण कुमार श्रीवास्तव (पेशकार) व रमेश प्रजापति सेवानिवृत्त हुए। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा प्रयागराज द्वारा भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जनपद न्यायाधीश संतोष राय जी रहे । तथा साथ में मौजूद अपर जनपद न्यायाधीश (एससी-एसटी) अनिरुद्ध कुमार तिवारी, ए0डी0जे0 एमपी / एमएलए दिनेश चंद शुक्ला, ए0डी0जे0 नवम रामप्रताप सिंह जी भी विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल ओढ़ाकर गीता व गणेश जी की प्रतिमा देकर सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया । साथ में संघ के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, उपाध्यक्ष अवनीश श्रीवास्तव व शाखा अध्यक्ष एल0बी0 पांडे जी ने कर्मचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया साथ ही कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव अश्वनी राय ने किया । कार्यक्रम में सुभाष श्रीवास्तव, सुरेश यादव, अनुपम वर्मा, सौमित्र घोष, विनोद सिंह, संजय श्रीवास्तव, एन 0डी0 पांडे, रतन श्रीवास्तव, मनोज शर्मा, राकेश मिश्रा, नरेंद्र श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, हंसराज सिंह, अशोक त्रिपाठी, अफजल हसन, चंदन सिंह, नीरज शुक्ला, नवनीत मिश्रा, राजेश शर्मा, मुनव्वर आलम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### श्री नारायण आश्रम बालिका इं.कॉलेज में बैज अलंकरण समारोह संपन्न



**प्रयागराज।** श्री नारायण आश्रम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज शिवकुटी प्रयागराज में बुधवार को बैज अलंकरण समारोह मनाया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती विभा मिश्रा ने सभी चयनित छात्राओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में नेतृत्व गुणों के विकास को बढ़ावा देना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।समारोह में विद्यालय कैप्टन के रूप में कक्षा 11 की छात्रा अर्पिता शर्मा और वाइस कैप्टन में कक्षा 9 की छात्रा शालिनी सिंह का चयन हुआ है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या ने नव पदाधिकारियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय की खेल कप्तान स्नेहा मौर्या एवं उप कप्तान रितिका के साथ चारों हाउस के कैप्टन अंशिका, रिया त्रिपाठी, अर्पिता यादव, दीपिका प्रजापति एवं वाइस कैप्टन मांडवी सिंह, रिमझिम मिश्रा, साक्षी चौरसिया, साक्षी पटेल को भी इस अलंकरण से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने चुने हुए विद्यार्थियों में जिम्मेदारी का भाव जगाया और नेतृत्व गुणों का एहसास कराया। विद्यालय के नवनिर्मित पदाधिकारियो ने जिम्मेदारी का भार ग्रहण कर विद्यालय के विकास के लिए सभी को साथ लेकर कार्य करने की शपथ ली।

### नैनी में चला अतिक्रमण अभियान, एक ट्रक ईंट जब्त करने के साथ ही 14 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के एडीए मोड़ तिराहे से चंद्रलोक गेस्टहाउस तक बुधवार को नगर निगम ने व्यापक अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले अपना सामान लेकर भागते नजर आए।टीम ने एक दर्जन से अधिक कच्चे व आधा दर्जन पक्के निर्माण को हटवाने के साथ ही हजारों का जुमार्ना वसूला गया। नैनी में बुधवार को जोन पांच के जोनल अधिकारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में नैनी के एडीए मोड़ से अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। जोनल अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान लगभग आधा दर्जन पक्के निर्माण, एक दर्जन से अधिक सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को हटवाया गया। एक स्थान पर एक ट्रक ईंट जब्त करने के साथ ही 14 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान दस्ता प्रभारी मुलायम सिंह, साकेत, नगर निगम टीम से चंद्राकर समेंत नैनी कोतवाली की फोर्स मौजूद रही।

# एएसआई सर्वे पर फैसला आज, 27 जुलाई को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सुरक्षित रख लिया था फैसला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ज्ञानवापी के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुनाएगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान हिंदू और मुस्लिम पक्षकारों ने अपनी दलीलें पेश की थीं। कोर्ट के आदेश पर हाजिर हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अतिरिक्त महानिदेशक ने सर्वेक्षण में अपनाई जाने वाली तकनीक से कोर्ट को रूबरू करवाया था। एएसआई ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से ज्ञानवापी की इमारत को खरोंच तक नहीं आएगी। दावें प्रतिदावें के बीच तीन दिन तक चली सुनवाई के बाद 27 जुलाई को फैसला सुरक्षित करते हुए हाईकोर्ट ने सर्वे पर लगी रोक जारी रखने का आदेश दिया था। वाराणसी के जिला जज द्वारा ज्ञानवापी सर्वेक्षण की अनुमति देने वाले आदेश को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद ने सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश पर हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मुस्लिम पक्ष की ओर से दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ सुनवाई कर रही है। कोर्ट में दलील देते हुए मुस्लिम पक्ष के वकील एसएफए नकवी ने असमायिक अदालती आदेश के जरिये ज्ञानवापी के वैज्ञानिक सर्वेक्षण से ज्ञानवापी के मूल ढांचे को नुकसान पहुंचनें की आशंका जताई थी। उन्होनें यह भी कहा था कि अयोध्या के बाबरी मस्जिद विध्वंस का दंश देश ने झेला है। सिविल वाद में पोषणीयता का बिंदु तय किये बिना जल्दबाजी में सर्वेक्षण और खोदाई का फैसला घातक हो सकता है। हालांकि एएसआई ने मुस्लिम पक्ष की दलील को सिरे से खारिज करते हुए कहा था कि सर्वेक्षण के लिए अपनाई जाने वाली तकनीक से ज्ञानवापी की मूल संरचना को खरोंच तक नहीं आयेगी। जबकि, हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन और सौरभ तिवारी का कहना था कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण के जरिए वो ज्ञानवापी की सच्चाई सामने लाना चाहते है। सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद रहे प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने कहा था कि याचिका में राज्य सरकार पक्षकार तो नहीं हैं, लेकिन सर्वेक्षण होने की दशा में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी सम्हालनें को राज्य सरकार तैयार है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक को बरकरार रखते हुए निर्णय सुरक्षित कर लिया था। ज्ञानवापी सर्वेक्षण पर मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुना देगी। कोर्ट के इस फैसले से तय हो जाएगा कि ज्ञानवापी का वैज्ञानिक सर्वेक्षण होगा या नहीं।

### रेलवे ट्रैक के किनारे अज्ञात शव मिला

**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के गलूआबाद गांव के पास रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिला। भीरपुर करछना रेलमार्ग पर गलूआबाद गांव के पास एक अज्ञात शव मिला। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने बताया कि युवक की बॉडी को देखने से लग रहा है कि शव देर रात या सुबह का है युवक लगभग 27 या 28 वर्ष का है युवक ने हाफ नीले रंग का टीशर्ट और काला रंग का पैंट पहन रखा है यात्रा के दौरान ट्रेन से गिरने के कारण मौत का अंदेशा है जांच की जा रही है शव को पोस्टमार्टम हेतु मरचरी भेज दिया गया है।

**पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार : नैनी।** नैनी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी पुलिस द्वारा माननीय अतरिक्त न्यायालय एनआई एक्ट द्वितीय इलाहाबाद के परिवाद संख्या -3269/2021 धारा 138 एनआई एक्ट थाना नैनी प्रयागराज से संबंधित वारण्टी अभियुक्त अब्दुल कादिर पुत्र मोहम्मद करीम निवासी मेवालाल बगिया थाना नैनी प्रयागराज। हालपता -कनैला थाना नैनी प्रयागराज को बुधवार को मेवालाल बगिया थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# यूपी बोर्ड ने नौवीं, दसवीं के पाठ्य क्रम से कई पाठों को हटाया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड ने 9वीं और 10वीं के गणित, संस्कृति, हिंदी और सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम में कटौती की है। गणित व हिंदी में कुछ पाठों को हटा दिया है, वहीं संस्कृत और सामाजिक विज्ञान में कुछ पाठों को छोटा कर दिया है। यूपी बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि पाठ्यक्रम कम होने से विद्यार्थियों को अभ्यास का अधिक समय मिलेगा। इससे बोर्ड परीक्षा में उनका परिणाम बेहतर होगा। नौवीं कक्षा के गणित विषय से समांतर चतुभुर्जों और त्रिभुजों के क्षेत्रफल, रचनाएं व प्रायिकता (प्रोबेबिलिटी) पाठ को हटा दिया गया है। वहीं, दसवीं में अब बच्चे ह्यरचनाएंह्ण नहीं सीख सकेंगे।कक्षा नौ संस्कृत विषय में पद्य पीयूषम के पहले पाठ ह्यरामस्य पितृ भक्तिह्ण में पहले 26 श्लोक थे, उन्हें कम करके 14 कर दिया गया है। दूसरे पाठ ह्यसुभाषितानीह्ण में पहले 15 श्लोक थे, जो अब 10 रह गए हैं। तीसरे पाठ ह्यसूक्ति सुधाह्ण में नौ श्लोक को कम करते हुए सात कर दिया गया है। कक्षा दस की पद्य पीयूषम के पहले पाठ ह्यलक्ष्य वेधह्ण में पहले 21 श्लोक थे, उसे 14 कर दिया गया है। इसी प्रकार अन्य पाठ और गद्य में भी बदलाव किया गया है।

**गायब हुआ ठेले पर हिमालय**

नौवीं के हिंदी में ठेले पर हिमालय, तोता, बादल को घिरते देखा, अच्छा होता सितार-संगीत की रात को हटा दिया गया है। कक्षा 10 में हिंदी से पानी में चंदा और चांद पर आदमी, युवा जंगल भाषा एकमात्र अनंत है को हटाया गया है। इसी प्रकार सामाजिक विज्ञान से लोकतंत्र और विविधता, जन संघर्ष और आंदोलन, लोकतंत्र की चुनौतियां पाठ को छोटा कर दिया गया है।

# पद व बल का घमंड ना कर विनम्र भाव से करनी चाहिए सेवाः डीएम

## वृद्धाश्रम में हर मंगलवार को वृद्धजन करेंगे सुंदरकांड का पाठ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वृद्धाश्रम महुली में रह रहे वृद्धजनों के कल्याणार्थ के लिये जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव की प्रेरणा से मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ का शुभारंभ किया गया, जिससे वहां रह रहे वृद्धजनों में उत्साह है। जिलाधिकारी महुली वृद्धाश्रम पहुंचे और सभी वृद्धजनों को सुंदरकांड की पुस्तक व वस्त्र प्रदान किया एवं सुंदरकांड का पाठ शुरू कराया और पूरा पाठ होने पर जिलाधिकारी ने वृद्धजनों के साथ आरती कर प्रसाद लेकर सभी वृद्धजनों को प्रेरित किया कि हर मंगलवार को आप सभी


वृद्धजनों को पुस्तक व वस्त्र प्रदान करते डीएम प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

सुंदरकांड का पाठ कर अपना जीवन सफल करे। सभी वृद्धजनों को जिलाधिकारी ने सुंदरकांड में वर्णन माता सीता और हनुमान जी महाराज का अशोक वाटिका का प्रसंग सुनाकर भाव विभोर कर दिया। जिलाधिकारी महोदय ने जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार से कहा कि यहां जो भी वृद्धजनों को पेंशन नहीं मिल रही है उनका फार्म भरवा कर पेंशन दिलाएं।

इस अवसर पर समाजसेवी, एलायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्ध माता पिता देव तुल्य हैं। मुझसे जो हो सकेगा मैं यहां रह रहे 75 माता-पिता की सेवा करता रहूंगा। सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने किया और जिलाधिकारी के इस कार्य की सराहना करते हुए हर मंगलवार को वृद्धजनों द्वारा सुंदरकांड का पाठ में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार, अंबिका प्रसाद, लालमणि पांडे, रेखा उमरवैश्य, मानसिंह, नीतू अग्रवाल, परमानंद मिश्रा, अशोक अग्रवाल, धर्मेंद्र कुमार, अतुल सिंह, अमित, अक्षय, शिवेश शुक्ला, पूनम गुप्ता, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि वृद्धाश्रम एवं एलायंस क्लब के पदाधिकारियों ने सुंदरकांड का पाठ कर प्रसाद प्राप्त किया।

# जगमग हुई ट्रेजरी चौराहे पर लगी मुनीश्वरदत्त की प्रतिमा

## जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में ट्रेजरी चौराहे पर लगी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रदेष सरकार के पूर्व मंत्री तथा दो दर्जन शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की प्रतिमा पर उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर जगमग कर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक, प्रधानाचार्य व कांग्रेसजन मौजूद रहे।

बताया जाता है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बुधवार की शाम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं ग्रामीण इंटर कालेजेज के अध्यक्ष श्याम किषोर शुक्ल, पीसीसी सदस्य एवं तिलक इंटर कालेज के अध्यक्ष डा0 प्रषांत देव शुक्ल, अवकाष प्राप्त बीडीओ विधिदेव


प्रतिमा पर कैडिल जालाते लोग।

शुक्ल, तिलक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य प्रमोद तिवारी, स्वामी करपात्री इंटर कालेज रानीगंज के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सिंह, प्रबंधक राम विभूति मिश्र, रमेष चंद्र मिश्र, कमलाकांत त्रिपाठी व तिलक कालेज के आंनद तिवारी, संतोष पाण्डेय, महेन्द्र त्रिपाठी, राकेष त्रिपाठी, गिरजाषंकर शुक्ल, राजेष मिश्र आदि ने सहभागिता की। पूरा टेज्जरी चैराहा वीर मुनीष्वर अमर रहे के नारों से गूंज उठा। मोमबत्ती एवं झालरों से प्रकाषमान मुनीष्वरदत्त की मूर्ति पूरे टेज्जरी चैराहे को जगमग कर रही थी। गुरुवार को पं0 मुनीष्वरदत्त उपाध्याय का जन्मदिवस उनके षिक्षण संस्थाओं में धूमधाम से मनाया जाएगा।

## लालगंज कोतवाली में एसपी ने दी विवेचना कक्ष व बैरिकों की सौगात, एएसपी ने किया भूमिपूजन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली परिसर में मुकदमो की विवेचनाओं के लिए अब थानेदारों को विशेष कक्ष की सौगात मिलेगी। वहीं पुरूष बैरिक तथा महिला बैरिक से भी कोतवाली सुसज्जित दिखेगी। एसपी सतपाल अंतिल के थानो मे साजसज्जा व जनसुविधाओं के सुसज्जीकरण अभियान के तहत कोतवाली मे विवेचना कक्ष अलग से मिलेगा। बुधवार को सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य परिसर में निर्मित होने वाले विवेचना कक्ष का भूमिपूजन किया। इस भवन के बन जाने से थानेदारो को मुकदमों की जांच के लिए सुविधाजनक छत मुहैया हो सकेगी। कक्ष के निर्माण के तहत मुकदमों की विवेचना का वातावरण भी थानेदारों को उनके उत्तरदायित्वों के निर्वहन में रचनात्मक माहौल दे सकेगा। कोतवाली परिसर में अतिरिक्त पुरूष बैरिक तथा महिला आरक्षियों के लिए भी अलग से बैरिक के निर्माण हो जाने से पुलिसकर्मियों को कोतवाली मुख्यालय पर भी रहने आदि की सहूलियत भी मिल सकेगी। भूमिपूजन के बाद विवेचना कक्ष के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू हुई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रशासन अवन दीक्षित, प्रभारी निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी, समाजसेवी विभवभूषण शुक्ल, सभासद पन्ने लाल पाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक जावेद अहमद, उप निरीक्षक शिशिर पटेल मौजूद रहे। प्रधान आरक्षी ज्ञानचंद्र तिवारी ने भूमिपूजन कार्यक्रम का संयोजन किया।

## आरोपी के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तेज गति से वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत पर कोतवाली पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मंगलवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के अगई खास निवासी नजीर अहमद के पुत्र मो. जलील ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि इक्तीस जुलाई को शाम साढे चार बजे उसका पिता नजीर अहमद 70 पुत्र रज्जाक पैदल अगई के इण्डियन चैराहा पर मौजूद था। इस बीच पूरे गजई सरैया टेण्डा के अनुराग यादव तेज गति से बाइक चलाते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से पीडित के पिता की मौत हो गयी।

## सामान वापस न करने पर लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शटरिंग की दुकान से एक व्यक्ति सामान लेकर गया और समय बीतने के बाद दुकानदार ने दिए हुए नंबर पर संपर्क किया तो उससे सम्पर्क नही हुआ, उसका कहीं पता नहीं चला तो पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली इलाके के उड़ैयाडीह मोड़ पर सियाराम ट्रेडर्स के नाम से जलालपुर किठौली गांव के रहने वाला सियाराम दुकान चलाता है वह शटरिंग का काम करता है। 18 जुलाई को एक व्यक्ति ने शटरिंग के लिए सामान लेने के लिए आया और सामान लेकर चला गया। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसका सामान लगभग एक लाख कीमत का है। उक्त युवक ने अपना नाम पता लिखवाया था। उस नंबर पर पता करने पर कहीं उसका अता पता नहीं चल रहा है। पीड़ित ने काफी खोजबीन करने के बाद जब उसका पता नहीं चला तो बुधवार को युवक के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** चिलबिला स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री बजरंग लाल, विष्णु लाल, बृजलाल, मुकुंद लाल, मधुसूदन लाल केसव लाल, गोविंद राम, कृष्ण गोपाल द्वारा आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ से पहले बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को कथा स्थल श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार व गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में नाचते गाते और भक्ति गीतों में सराबोर श्रद्धालुओं ने कस्बे के हनुमान मंदिर के आगे श्री ओम्कारेश्वरम मंदिर के साथ


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण।

चिलबिला चैराहे तक भ्रमण करते हुए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तक वापस आए आज स्वामी गुरु महाराज जी और भगवान श्री लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा भी अपने भक्तों पर बनी रही क्योकि सड़क इतना जल रहा था कि प्रभु जी की ऐसी कृपा बनी की रात मे 3 बजे से बारिस सुबह 9 बजे तक करवा कर सड़क ठंडा कर दिए कि किसी भी भक्त को जरा सा भी तकलीफ नही हुआ

इसके बाद श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के स्वामी कथा व्यास श्री श्री मधुसूदनाचार्य महाराज के संयोजन में कथा स्थल पर पहुंचकर कलश यात्रा का समापन हुआ कलश यात्रा में मुख्य रूप से समाजसेवक रवीन्द्र जायसवाल, सदर बिधायक राजेन्द्र मौर्या, श्यामसुंदर टाऊ, गीता टाऊ, रवि गुप्ता, प्रकाश, राजा जायसवाल, श्याम सुंदर, हरिकृष्ण, अष्वनी, कुलदीप, शिवकुमार, रघुनंदन आदि लोग मौजूद रहे।

## बजरंग दल कार्यकताओं ने फूंका आतंकवाद का पुतला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विहिप कार्यालय भगवा चुंगी प्रतापगढ़ बजरंगदल कार्यकताओं द्वारा आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन का कार्यक्रम जिला संयोजक बजरंग दल विकास सिंह के नेतृत्व में किया गया जेहाद मुदार्बाद आतंकवाद मुदार्बाद के खिलाफ नारे लगाए। बजरंग दल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित धार्मिक ब्रजमंडल यात्रा मेवात के नूंह में हिन्दुओं के आस्था व श्रद्धा के केन्द्र पाण्डव कालीन प्राचीन नल्लहड


आतंकवाद का पुतला फूंकते बजरंग दल कार्यकर्ता।

शिव मन्दिर की धार्मिक यात्रा पर इस्लामिक जेहादियों ने तीर्थयात्रियों पर भारी पथराव, हिंसा, आगजनी और पहाडियों से सीधी गोलियां चलाई गईं हैं, जिसमें सेंकड़ों गाड़ियों क्षतिग्रस्त और आगजनी की भेंट चढी हैं।दो पुलिस के होमगार्ड की मृत्यु हुई है एवं तीर्थयात्री वह बजरंग दल कार्यकर्ता घायल हुए हैं, जिसके विरोध में 2 अगस्त 2023 को बजरंग दल कार्यकताओं ने आजा कार्यक्रम किया उक्त कार्यक्रम में उपस्थित विभाग मंत्री रजनीश तिवारी, विभाग संयोजक नवीन बजरंगी, जिला उपाध्यक्ष विजय सोलंकी, जिला मठ मंदिर प्रमुख प्रदीप सिंह, ऋषभ जिला सह संयोजक दीपक दुबे, अभिषेक सिंह , संदीप शर्मा,दयाशंकर सिंह, रामाआसरे पाल, अनुराग सिंह, अरविंद विश्वकर्मा वह मीडिया बंधु व प्रशासनिक अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना रानीगंज के उ0नि0 सालिक राम शुक्ला मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एसटी नं0 734/2016 धारा 147, 148, 149, 308, 324, 323, 504, 506, 452 भादवि थाना रानीगंज से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त भाई लाल पुत्र भभूती नि0ग्राम सण्डौरा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## शौचालय निर्माण के विवाद में चले ईट पत्थर, दो घायल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली इलाके के बहुता गांव में शौचालय निर्माण के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने दो लोगो को ईट पत्थर से मारकर घायल कर दिया। आरोप है कि उसका शौचालय भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली इलाके के बहुता गांव के रहने वाले प्रताप बहादुर का आरोप है कि बुधवार की सुबह 6:30 बजे के आसपास उसके पड़ोसियों से शौचालय निर्माण को लेकर विवाद होने लगा। इस दौरान पड़ोसियों ने उसकी पत्नी शांति देवी व भाई की बेटी अंजलि को ईट पत्थर से मारकर घायल कर दिया। वहीं पीड़िता जब जान बचाने के लिए घर में गई तो उक्त लोगों ने घर में घुसकर उसे बुरी तरह से पिटाई कर दिए। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ दलित महिला के बेटों की पिटाई व तोडफोड को लेकर केस दर्ज किया है।

लालगंज के जैनपुर निवासी श्रीराम कोरी की पत्नी शिवकुमारी ने सीओ को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती अटठाईस जुलाई को दिन मे साढ़े तीन बजे रंजिशन उसके बेटे राहुल व तारकेश्वर को विपक्षियों ने जातिसूचक गालियां दी। विपक्षी गांव के राजू पाण्डेय उर्फ सुनील पुत्र राधिका प्रसाद पाण्डेय तथा विमल पाण्डेय पुत्र राघवेन्द्र व छोटू पाण्डेय उर्फ जितेन्द्र पुत्र राघवेन्द्र ने गाली देने से मना करने पर पीड़ितो के साथ लाठी डण्डे से मारपीट की। आरोपियो ने लाठी डंडे से हमला कर मोबाइल फोन तोडकर नष्ट कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने चुटहिलों को जानलेवा धमकी दी। सीओ रामसूरत सोनकर की फटकार पर पुलिस ने मंगलवार की देर शाम आरोपी राजू पाण्डेय समेत तीन के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना कुण्डा के उ0नि0 रविशंकर तिवारी अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित, वारण्टी अभियुक्त थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 217/2023 धारा 363, 366, 376, 504, 506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अभय कुमार पुत्र हरिकेश सरोज नि0ग्राम हिसामपुर मनगढ़ थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक तिराहा मनगढ़ के पास से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

# विवाहिता प्रेमी के साथ आभूषण लेकर फरार, पति ने पुलिस को दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी के सात साल बाद एक बच्चे की मां ससुराल से सारा आभूषण लेकर मायके गई और मायके से प्रेमी के साथ फरार हो गई।

पति मुंबई से लौटकर ससुराल गया तो घटना की जानकारी होने पर दंग रह गया। पीड़ित पति ने घटना के संबंध में पुलिस और मुख्यमंत्री से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के चैपई गांव निवासी कुलदीप मौर्या सुत जवाहर लाल मौर्या ने थानाध्यक्ष दिलीपपुर थानाध्यक्ष कोहड़ौर और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोपित किया है कि प्रार्थी की शादी सन 2014 में प्रतापगढ़ जनपद के कोहड़ौर थाना क्षेत्र के हरदोई गांव निवासी सत्यनारायण मौर्य की पुत्री रूपा मौर्य से हुई थी। पति कुलदीप मौर्य का आरोप है कि पत्नी रूपा मौर्या का शादी के पहले से ही दूसरे व्यक्ति से अवैध संबंध था। और वह हमेशा ससुराल से झगड़ा झंझट कर मायके भाग जाती थी। इसी बीच कुलदीप मौर्य करीब 1 साल से मुंबई कमाई धमाई करने चला गया था।

आरोप है कि पत्नी रूपा मायके से ससुराल आई और घर में रखा सोने का लाखों का आभूषण लेकर मायके भाग गई। और वहां से वह अपने प्रेमी नन्हे लाल वर्मा सुत नीमर वर्मा निवासी ग्राम सिकरी थाना कानूपुर प्रतापगढ़ के साथ फरार हो गई। सूचना मिलते ही पति बांबे से भागकर घर आया और ससुराल पहुंचा तो घटना सुनकर दंग रह गया। पीड़ित पति ने घटना के संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर थानाध्यक्ष कोहड़ौर और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोपी प्रेमी प्रेमिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने हेतु न्याय की गुहार लगाई है।

## धोखाधड़ी का आरोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने फर्जी चेक बनाकर धोखाधड़ी के आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। कोतवाली मे तैनात विजयकांत सत्यार्थी बीती अठारह जून को लालगंज थाना के वैदा का पुरवा निवासी शारदा प्रसाद शुक्ल के पुत्र राम नारायण के द्वारा दर्ज कराए गए बैंक से फर्जी चेकबुक बनाकर रुपए निकाल लेने की शिकायत की थी। इसकी जांच कर रहे निरीक्षक विजयकांत ने विवेचना के दौरान मुम्बई पहुंचकर आरोपी की तलाश की। वहां से पुलिस टीम ने मुकदमें में वांछित आरोपी अंधेरी वेस्ट मुम्बई के आदीती विल्डिंग म्हाणा थाना अंधेरी वेस्ट निवासी सतनाम सिंह जावडे पुत्र जसवंत सिंह को वहां से हिरासत मे ले लिया। आरोपी द्वारा अपने साथियों के साथ खाते मे फर्जी चेक तैयार कर धोखाधडी के जरिए पैसा अपने खाते में हस्तांतरित किया जाता है। पीड़ित राम नरायन के खाते से भी आरोपी द्वारा फर्जी चेक बनाकर बारह लाख सरसठ हजार नौ सौ पचास रुपए धोखाधडी से निकाल लिया गया। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को न्यायालय भेज दिया। सफलता पर सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन ने पुलिस टीम की सराहना की है।

## आठवीं जगत जननी मां विंध्यवासिनी दर्शन यात्रा हुई रवाना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बुधवार की सुबह आठ भंगवा चुंगी स्थित जनसंपर्क कार्यालय से जगत जननी मां विंध्यवासिनी के दर्शन हेतु दर्शनार्थियों को बहुजन समाज पार्टी सदर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी डॉ आशुतोष त्रिपाठी द्वारा माता रानी की ध्वजा पताका दिखा कर प्रस्थान कराया गया।

इस दौरान समस्त दर्शनार्थी मां विंध्यवासिनी का जयकारा लगाते हुए दर्शन हेतु प्रस्थान किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ आशुतोष त्रिपाठी के प्रतिनिधि सुशील मेहरोत्रा, सुशील कुमार श्रीवास्तव, गुड्डू लाला, अरशद खान, देवेंद्र सिंह,



मां विंध्यवासिनी दर्शन यात्रा को रवाना करते आयोजकगण।

यशवंत कुमार गौतम, पुष्पराज मिश्रा, जगदीश मौर्य, अरूण कुमार पांडे, अशोक पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## आरोपियों के खिलाफ छेडछाड एवं धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने सहायक पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक नामजद तथा दो अज्ञात आरोपी के खिलाफ छेडछाड एवं गालीगलौज एवं धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जुलाई को जेठवारा थाना के रायपुर खुर्द निवासी रामसिंह के पुत्र अजय सिंह ने उसकी पुत्री के साथ सिलाई सेण्टर जाते समय छेडछाड की गयी। शिकायत करने पर आरोपी तथा दो अज्ञात लोगों द्वारा उसकी बेटी के साथ मारपीट व गालीगलौज की गयी। आरोपियो द्वारा पीड़िता व उसकी बेटी को जानलेवा धमकी भी दी गयी।

## बीडीओ से नाराज अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर दिया धरना

अखंड भारत संदेश

### बिहार के साथ संडवा चंडिका व संग्रामगढ़ में कर्मचारी आंदोलित

**संग्रामगढ़, प्रतापगढ़।** बिहार ब्लाक में तैनात खण्ड विकास अधिकारी की मनमानी कार्यशैली से आक्रोशित कर्मचारियों के आंदोलन की आग अब जिले के अन्य विकास खण्डों में फैलने लगी है। जिले के संग्रामगढ़ ब्लाक में सभी ग्राम विकास अधिकारियों ग्राम पंचायत अधिकारियों व तकनीकी सहायकों ने बुधवार को काली पट्टी बांध कर काम काज किया। जिले भर के आंदोलित अधिकारियों ने साफ किया कि निरंकुश हो चले बीडीओ का तवादला जनपद के बाहर किये जाने तक आंदोलन जारी रहेगा।

बता दें कि जिले के बिहार ब्लाक में तैनाती पाए खण्ड विकास अधिकारी अश्वनी सोनकर की तैनाती के बाद से ही ब्लाक के प्रधान ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी व कर्मचारी उनकी कार्य शैली का विरोध कर रहे है। भुगतान में मनमानी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ दुर्बयव्हार उनका शारीरिक व मानसिक शोषण जैसे आरोप लगाया जा रहा है। जिस पर बिहार ब्लाक के अधिकारियों कर्मचारियों ने आज तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन किया वही जिले के अन्य ब्लाकों में भी अधिकारी कर्मचारी हुंकार भर रहे है। वही बुधवार को संग्रामगढ़ ब्लाक में ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारियो ने काली पट्टी बांधकर विरोध ब्यक्त किया। इसी तरह बिहार ब्लाक में आंदोलित कर्मियों ने साफ किया कि जब तक मनमाने आचरण वाले अधिकारी का गैर जनपद तवादला नही हो जाता हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान रामपुर संग्रामगढ़ के ग्राम विकास अधिकारी प्रवीण कुमार, अनिल सरोज, उमेश सरोज आदि आंदोलन में सक्रिय नजर आए।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के लिए युवक युवतियॉ करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के लिए बेरोजगार व्यक्तियों (जिनकी आयु 18 वर्ष से कम न हो) से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत विनिर्माण उद्योग के लिए अधिकतम 50 लाख रुपए तथा सेवा उद्योग के लिए प्रोजेक्ट काष्ट 20 लाख तक का आवेदन किया जा सकता हैं। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्द्र शेखर वर्मा ने देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के अनु0जाति अनु0जनजाति, पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला लाभार्थियों को स्वीकृत ऋण पर 35 प्रतिशत अनुदान व सामान्य वर्ग के लिए 25 प्रतिशत अनुदान है। शहरी क्षेत्र में आरक्षित वर्ग को 25 प्रतिशत अनुदान व सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। किसी भी जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय विकास भवन कक्ष सं0-44 मंझनपुर से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकतीं है।

# खतरे में जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी

**अविश्वास प्रस्ताव के लिए डीएम से मिले 20 सदस्य,19 अगस्त को डीएम के सामने होगा फ्लोर टेस्ट, पार्टी के बड़े नेता प्रतिष्ठा से जोड़कर इस मामले को देख रहे हैं और सदस्यों को मनाने का दौर शुरू है लेकिन सदस्य मानने को तैयार नहीं है अब देखिए जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर क्या होता है यह तो समय बताएगा**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर सदस्यो ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए डीएम को 26 जुलाई को पत्र सौंपा था,जिसके सापेक्ष डीएम सुजीत कुमार ने हस्ताक्षर मिलान के लिए 2 अगस्त की तारीख दी थी जिस पर बुधवार को जिला पंचायत के 26 में से 20 सदस्यो ने डीएम से मिलकर हस्ताक्षर का मिलान करा लिया जिसके बाद डीएम ने उन्हें 19 अगस्त को अविश्वास प्रस्ताव के लिए समय दिया है। डीएम सुजीत कुमार ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज 20 सदस्यो ने 26 जुलाई को अविश्वास प्रस्ताव के लिए पत्र सौंपा था,जिसपर आज सभी सदस्यों के हस्ताक्षर का मिलान करा लिया गया है,सभी सदस्यों को 19 अगस्त को अविश्वास के लिए समय दिया गया है केंद्र प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद भाजपा के जिला पंचायत



अध्यक्ष कल्पना सोनकर की कुर्सी खतरे में है पार्टी के बड़े नेता प्रतिष्ठा से जोड़कर इस मामले को देख रहे हैं और सदस्यों को मनाने का दौर शुरू है लेकिन सदस्य मानने को तैयार नहीं है अब देखिए जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर क्या होता है यह तो समय बताएगा।

### रेल मंत्री से मिलकर सांसद करेंगे भरवारी में ट्रेन ठहराव की मांग

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी निवासी राजू सक्सेना पत्रकार ने सांसद विनोद सोनकर से भरवारी में भी अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव के लिए बात की राजू सक्सेना ने कहा कि जबसे आप सांसद बने है पहले पांच वर्षीय कार्यकाल में दो गाड़ियों का ठहराव किया था जिसमे महानंदा एक्स्प्रेस एवम महाबोधी एक्स्प्रेस शामिल थी इससे पहले भी राजू सक्सेना ने अन्य गाड़ियों के ठहराव की मांग की थी जिसके चलते बुधवार को पुनः सांसद से बात की गई कल रेल मंत्री से मिलकर सिराथू रेलवे स्टेशन पर कुछ गाड़ियों के ठहराव की मांग सांसद ने की थी जिसको संज्ञान में लेते हुए आज पूर्व सभासद के यहां बैठक कर सांसद से भरवारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की बात की जिसपर सांसद ने आश्वासन दिया है कि आज मै पुनः रेल मंत्री से मिलकर भरवारी में ट्रेन ठहराव के लिए अलग से पत्र दूंगा जिसमे ट्रेन हावड़ा जोध पुर एक्स्प्रेस एवम प्रयाग राज वाया कानपुर होते हुए बॉम्बे को जाने वाली ट्रेनों के ठहराव की बात की है। एक अन्य सवाल के संदर्भ में जानकारी करने का प्रयास किया कि रेलवे गेट पर बनने जा रहा अंडर ग्राउंड पुल कब तक बनकर तैयार हो जायगा तब सांसद ने कहा अभी तो अधिकारियों की टीम निरीक्षण कर रही है अभी पुल बनने के लिए अंतिम रूप नही दिया गया है क्योंकि आने वाले 2024 में लोक सभा चुनाव होना है उसको भी ध्यान में रखकर कार्य किया जायगा। कुल मिलाकर अंडर ग्राउंड पुल का निर्माण में नजदीकी लोकसभा का चुनाव रोड़ा है ट्रेनों के ठहराव के प्रयास से कस्बाई खुश हैं। बैठक में पूर्व सभासद मनोज केशरवानी पूर्व सभासद शमीम अहमद अदालती प्रसाद रमेश चन्द्र अनिल कुमार लाला भाई आदि लोग रहे।


## न्यूज झरोखा

### गंगा में नहाते वक्त डूबा युवक, तलाश जारी



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के सैयद सरावा निवासी नागेश्वर यादव उम्र 18 वर्ष पुत्र वीरेंद्र यादव बुधवार को उजिहनी फरीदपुर चक ताजपुर गंगा घाट नहाने गया था नदी में स्नान करते वक्त वह गहरे पानी में चला गया है और तेज बहाव के चलते पानी के साथ युवक बह गया है नदी में युवक के डूब जाने की जानकारी मिलने के बाद मल्लाह और स्थानीय लोगों की मदद से नदी में जाल डलवा कर डूबे युवक को खोजने का प्रयास पुलिस ने किया है लेकिन काफी प्रयास के बाद भी युवक नहीं मिल सका है संदीपन घाट थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को खोजने के प्रयास में लगी है गंगा के पानी में तेज बहाव होने के कारण कई घंटे की मेहनत के बाद युवक नहीं मिल सका एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाया गया है एनडीआरएफ टीम आने के बाद डूबे युवक का सुराग लगाने का प्रयास होगा।

### करोड़ों खर्च के बाद कस्बे में भरा बरसात का पानी



**कौशांबी।** पूरे वर्ष जल निकासी की व्यवस्था बनाकर सरकारी खजाने से करोड़ों की रकम खर्च करने वाले अधिकारी जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं बना पाते हैं हल्की बारिश में ही नगर गांव क्षेत्र में पानी भरने लगता है जिससे लोगो का जनजीवन प्रभावित हो जाता है मंगलवार की रात्रि में बरसात के बाद मंझनपुर मुख्यालय के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के तहसील मुख्य रोड सहित नगर पालिका क्षेत्र के ग्रामीण इलाका के शामिल किए गए गांव और आसपास के गांव कस्बों की सड़कों गलियों में जलभराव हो गया है नालियों में उफान के चलते नालियों का कीचड़ सड़क और पटरियों पर बहने लगा है जिससे लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है सवाल उठता है कि आखिर सरकारी नुमाइंदे कैसे कार्य योजना बनाते हैं कि करोड़ों खर्च किए जाने के बाद जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होती है जल निकासी की व्यवस्था में करोड़ों खर्च के बाद सड़क और पटरियों पर जलभराव होने के मामले पर नगर क्षेत्र के लोगों ने तमाम सवाल खड़े किए हैं और साथ ही साथ जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग अधिकारियों से की है।

# लगातार हो रही पशु चोरी से किसान परेशान

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में पशु चोरों की सक्रियता हमेशा बनी रही है पिछले 20 वर्षों से इलाके में सक्रिय पशु चोर किसानों के पशुओं को अक्सर खोल ले जाते हैं महीने में कई घटनाओं को चोर अंजाम दे रहे हैं किसान थाना चौकी में शिकायत कर पशु बरामद करने की फरियाद करता है लेकिन पुलिस पहले तो मुकदमा नहीं खर्च करती है और मुकदमा भी दर्ज कर लिया तो मामले को ठंडे बस्ते में डाल देती है जिससे पशुपालकों के चोरी गए पशु बरामद नहीं हो पाते हैं पशु चोरों का यह खेल बीते कई वर्षों से क्षेत्र में बेखौफ तरीके से चल रहा है और पशु चोर जन-जन की जुबान में है देखते-देखते पशु चोरी करने के धंधे में लगे रैकेट के सदस्य मालामाल हो गए हैं कभी फटीचर से दिखने वाले पशु चोर लग्जरी वाहनों से नेताओं के आगे पीछे घूमते देखे जाते हैं इलाके का एक चर्चित नेता पशु चोरों को बचाने में अहम भूमिका निभाता है जिन पर हाथ डालने से पुलिस कतराती है। करारी थाना क्षेत्र के बंधवा कल्याण गांव में 14 जून की रात्रि में संगम लाल पाल पुत्र रामकिशोर की भैंस और उसका बच्चा चोर खोल ले गए हैं मामले की तहरीर परिजनों ने पुलिस को दी है लेकिन भैंस और उसका बच्चा पुलिस नहीं बरामद कर सके 12 दिन भी नहीं बीते की फिर 27 जुलाई को संगम लाल पाल की भैंस बच्चा फिर चोर ले गए पहली घटना का खुलासा नहीं हुआ दूसरी घटना फिर हो गई लेकिन शुक्लन का पूरा चौराहे पर एक क्लीनिक में गांव के मरीज इलाज करा रहे थे उन्होंने देखा कि आधी रात को चार लोग भैंस और उसके बच्चे को लेकर जा रहे हैं लोगों ने चोरों को रोक लिया तीन चोर भाग गए लेकिन एक चोर भैस के साथ पकड़ा गया लोगों ने भैंस और बच्चा को वापस ले लिया पकड़े गए चोर का आधार कार्ड और श्रमिक कार्ड भी लोगों के हाथ लग गया जिसे पुलिस को सौंप दिया गया लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद आरोपी चोर तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। इलाके के बल्लो पुर गांव में भी चोर गिरोह के सदस्य कुछ महीने में कई भैंस खोल ले गए हैं बंधवा कल्याण गांव से रूपचंद पाल की इसके पहले भी भैंस खोल ले गए हैं किसी मामले का पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है। बताया जाता है कि जिस चोर को ग्रामीणों ने भैस और उसके बच्चे के साथ पकड़ा था वह बराई बंधवा गांव का कोई रावेन्द्र बताया जाता है पुलिस उसकी भी तलाश महीनों बीत जाने के बाद नहीं कर सकी है पीड़ित किसानों ने पुलिस अधिकारियों ने मांग की है कि चोरों की गिरफ्तारी कराए जाने चोरी के पशुओं को बरामद कराए जाने और चोरों पर मेहरबानी बनाने वाले थाना चौकी पुलिस के जवानों पर कार्रवाई की मांग की है।

### 6 दिन से लापता व्यक्ति का नहीं लगा सुराग

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बैशकांटी निवासी मोहन लाल पुत्र स्व. फगुहारी लाल 27 जुलाई को अचानक घर से लापता हो गए हैं परिजनों ने संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की है लेकिन मोहनलाल का कहीं सुराग नहीं लग सका है परिजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया है परिजनों ने बताया कि मोहनलाल के दिमाग की हालत ठीक नहीं है मोहनलाल के गायब होने के बाद परिजन परेशान है और लोगों से अपील किया है कि यदि मोहनलाल के बारे में किसी को जानकारी मिले तो परिवार या करारी थाना पुलिस को सूचना दें।

### सब्जियां लेकर मंडी जा रही गाड़ी पलटी

**कौशाम्बी** जिले से प्रयागराज मुंडेरा मंडी सब्जियां लोडकर जा रही गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बनी खाई में पलट गई,हादसे में सब्जियों का नुकसान हो गया लेकिन गाड़ी चालक और व्यापारी बाल बाल बच गए। घटना कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर की है जहा से प्रयागराज मुंडेरा मंडी सब्जियां लोडकर लोडर गाड़ी जा रही थी,बारिश के चलते गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे बनी खाई में चली गई,जिसमे व्यापारी और चालक तो बाल बाल बच गए लेकिन हजारों रुपए की सब्जियां नष्ट हो गई।

# समझौते के बाद धन ना मिलने से बौखलाए सिपाहियों ने दलित को बेरहमी से पीटा

**दलित को जमीन पर पटक कर बूट पहने सिपाही ने लातों से बेरहमी से पीटा**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पुलिस महकमे के दो सिपाहियों और एक चौकी इंचार्ज ने पूरी पुलिस वर्दी शर्मसार कर दी है कौशांबी थाना क्षेत्र के गौरैये गांव निवासी दलित मनोज कुमार पुत्र छेदीलाल का ग्राम में किसी से विवाद हुआ था दोनों पक्षों ने गुरौली चौकी पुलिस को तहरीर दी थी दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद पुलिस ने मामले में समझौता करा दिया समझौते के बाद धन की डिमांड शुरू हुई मनोज ने गरीबी का हवाला देकर पुलिस की डिमांड पूरी करने से इंकार कर दिया जिस पर थाने के सिपाहियों ने उसे धमकी दिया कि तुम्हारी खाल खींच लेंगे 31 जुलाई को अनवर खान सिपाही अपने एक साथी के साथ दलित मनोज के घर पहुंचा और उसे थाने चलने का निर्देश दिया जब दलित ने सवाल किया तो वहीं पर गाली गलौज कर दलित के साथ मारपीट शुरू कर दी और जबरिया उसे बाइक में बैठा कर पुलिस चौकी उठा लाए पुलिस चौकी पहुंचते ही जमीन पर पटक कर दलित को सिपाहियों ने बूट पहने लातों से बेरहमी से मारना पीटना शुरू कर दिया जिससे दलित कराहने लगा पिटाई के बाद दलित को पुलिस ने हिरासत में ले लिया दलित की पत्नी से दूसरे दिन 2000 लेकर मनोज को चौकी से छोड़ा गया है और धमकी दी गई कि कहीं शिकायत करोगे तो तुम्हें तमंचा लगाकर जेल भेज देंगे मामले की शिकायत पीड़ित मनोज ने थाना पुलिस से की है लेकिन सिपाही और चौकी इंचार्ज का बाल बांका नहीं हो सका है जिस पर पीड़ित दलित पुलिस अधीक्षक से मिला और पूरा घटनाक्रम बताते हुए सिपाही और चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही की मांग की है।

### सीओ मंझनपुर सहित विभिन्न थाना पुलिस ने किया पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** जनपद में कानून, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना करारी पुलिस बल के साथ कस्बा करारी मे पैदल गश्त किया गया, इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों को भी चेक किया गया। इसी तरह जिले के सांदीपन घाट कोखराज चरवा पिपरी मोहब्बतपुर पाइंसा महेवाघाट सराय अकिल करारी सैनी पश्चिम शरीरा सहित विभिन्न थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया वाहनों की चेकिंग की लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और लोगों से अपील की कि वह सड़कों पर अतिक्रमण ना करें वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा करें।

# हरियाणा के मेवात में हिंदुओ पर हमले के विरोध में सड़क पर उतरा बजरंग दल

**जुलूस निकालकर मंझनपुर चौराहे पर जिहादियों का फूका पुतला जमकर की नारेबाजी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** हरियाणा के मेवात में हिंदुओ के ऊपर हुए हमले के विरोध में बजरंग दल ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर की सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया,बजरंग दल के कार्यकताओं ने मंझनपुर डायट मैदान से जुलूस निकालकर चौराहे पर जिहादियों का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकताओं ने जिहादियों और हिंदू विरोधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।प्रदर्शन और पुतला फूंकते के बाद कार्यकर्ताओ ने एसडीएम को राष्ट्रपति को सम्बोधित अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।



### इंटर पास बने एमबीबीएस डॉक्टर चलाते हैं क्लीनिक और अस्पताल!

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी की लापरवाही के चलते इंटर पास क्लीनिक और अस्पताल चला रहे है मेडिकल स्टोर भी चल रहे हैं कभी भी इन के ऊपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की नजर नही पड़ती ही या फिर पड़ने के बाद दलालों द्वारा लिफाफे पहुंचाए जा रहे हैं इसलिए इनके क्लीनिक अस्पताल मेडिकल स्टोर पर कभी भी कार्यवाही नहीं होती हैं जांच के नाम पर अनदेखा किया जा रहा हैं क्लीनिक अस्पताल चलाने वाले डॉक्टर अपनी मनमानी करने से कहीं बाज नहीं आते हैं भोली भाली जनता को अपने आपको बड़े-बड़े डॉक्टर बताकर इलाज करते हैं इलाज के नाम पर भोली भाली जनता को खूब बेवकूफ बनाकर उनकी जेब में रखे पैसों में डाका डालने में सफल हो रहे हैं और अभी भी मुख्यचिकित्सा अधिकारी की नजर से दूर हैं क्षेत्र की जनता पूछ रही हैं कि अधिकारियों की नजर काजू से लेकर सैयद सरावां तक संचालित दो दर्जन क्लीनिक अस्पताल पर कब कार्यवाही हो गी एक ही रजिस्ट्रेशन से दो ही क्लिनिक चल रहे हैं लेकिन कार्यवाही होती नहीं दिख रही है।

# कांवरियों का जत्था काशी विश्वनाथ के लिए रवाना

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मलमास के पावन महीने में बाबा भोलेनाथ के भक्तों की भीड़ बाबा के विभिन्न शिवलिंगो में जाकर बाबा का आशीर्वाद ले रही है बुधवार शाम सिराथू तहसील के देवीगंज एवं कमालपुर गांव से लगभग आधा सैकड़ा कांवरियों का जत्था बाबा विश्वनाथ धाम जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ, वाराणसी जाने से पहले सभी शिव भक्तों ने देवीगंज स्थित शिव काली मंदिर में माता की विधि विधान से पूजा कर आशीर्वाद लिया तत्पश्चात वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी मुन्ना साहू एवं जीपीएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक रमेश कुमार साहू बऊआ ने सभी कांवरियों का स्वागत करते हुए उन्हें तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कराया एवं गेरुआ वस्त्र पहना कर सभी को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए काशी विश्वनाथ धाम के लिए रवाना किया।बाबा भोले के भक्त डीजे की धुन पर नाचते थिरकते एवं भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए काशी विश्वनाथ के लिए रवाना हुए।इस दौरान पूर्व प्रमुख कड़ा ठाकुर बब्बू सिंह,गंगा गोमती के अध्यक्ष समाजसेवी विनय पांडे, प्लीज कॉल शैलेश कुमार गुप्ता, एडवोकेट शशि कमल मिश्रा,भाजपा नेता प्रकाश पाल,अमित केसरवानी, गुलाब चंद्र मौर्य, समाजसेवी विकास पाल, बीरेंद्र आग्रहरी समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।





# सार्वजनिक स्थल पर उचित दर दुकानों के निर्माण के सम्बन्ध में डीएम ने की बैठक





**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में सार्वजनिक स्थल पर उचित दर दुकानों के निर्माण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियें के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को मॉडल शाप का निर्माण कार्य आगामी 02 दिवस में शुरू कराने एवं अवर अभियंता,आर0ई०एस० को मॉडल शाप के निर्माण के लिए इस्टीमेट बनाकर तत्काल खण्ड विकास अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 75 मॉडल शाप के निर्माण के लिए उचित दर दुकानों का चिन्हांकन करते हुए तत्काल सूची उपलब्ध करायी जाय। यह कार्य मनरेगा के मद से कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों से विद्यालयां, पंचायत भवनों, ऑगनबाड़ी केन्दों सहित आदि शासकीय भवनों में बनाये जा रहें रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि शेष रह गये शासकीय भवनों में भी शीघ्र रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, डी०सी० मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, सभी उप जिलाधिकारीगण, सभी खण्ड विकास अधिकारीगण, सभी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 1 दिन में 101 वाहन का पुलिस ने किया ईचालान

**कौशाम्बी।** यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन पर यातायात पुलिस सहित जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा व्यापक पैमाने पर 1 दिन में दोपहिया और चार पहिया वाहनों को चेक किया गया है पूरे जिले में वाहन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा यातायात नियम के विपरीत वाहन चलाने वाले 101 वाहन का यातायात पुलिस और विभिन्न थाना पुलिस ने ई चालान किया है इस दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को संदेश दिया है कि वह जब सड़क पर वाहन लेकर निकले तो अपने अभिलेखों को साथ रखें यातायात नियमों का पालन करें सुरक्षा के दृष्टिगत बाइक सवार हेलमेट जरूर लगाएं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट जरूर लगाएं।

# अभियान चलाकर पुलिस ने 1 दिन में 45 वारंटी व 7 वांछित को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** अदालत में हाजिर ना होने वाले आरोपियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में जिले की विभिन्न थाना पुलिस ने 1 दिन में व्यापक अभियान चलाया है पुलिस अभियान के दौरान विभिन्न थाना पुलिस ने 45 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया और इसी दौरान सात वांछित अभियुक्तों को विभिन्न थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है सबसे अच्छी सफलता कोखराज थाना पुलिस को मिली है 1 दिन में उसने 16 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है दूसरे नंबर पर संदीपन घाट थाना पुलिस रही 1 दिन में संदीपन घाट थाना पुलिस ने दो वारंटी और 6 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है महेवाघाट थाना पुलिस ने चार वारंटी और सराय अकिल थाना पुलिस ने 5 वारंटी को गिरफ्तार किया है अन्य थाना पुलिस ने दो दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है सबसे फिसड्डी कड़ा धाम थाना पुलिस रही 1 दिन में उसने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है।

### दो सगे भाइयों सहित तीन चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** सांदीपन घाट थाना क्षेत्र में 3 दिन पूर्व हुई चोरी की घटना का खुलासा थाना पुलिस ने कर दिया है थाना क्षेत्र के शहीद कैप्टन कॉलेज बीआईपी भट्ठा से पुलिस ने चोरी के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है थाना पुलिस ने बताया कि विकट पासी प्रदुम पासी महावीर निवासी उजिहनी आइमा गोदाम ने क्षेत्र में 21 जुलाई की रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया था संदीपन घाट थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को शहीद कैप्टन कॉलेज वीआईपी ईट भट्ठा के पास से गिरफ्तार कर लिया और गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक सिलाई मशीन एक गैस सिलेंडर और 1150 रुपए नगद पुलिस ने बरामद किया है आरोपियों के खिलाफ लिखा पढ़ी कर पुलिस ने अदालत में पेश कर दिया है।

### विभिन्न थाने से शांतिभंग में 24 गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने शांति व्यवस्था बनाए रखने और साधारण मारपीट के मामले को लेकर सराय अकिल सैनी कोखराज और पश्चिम शरीरा थाना पुलिस ने 24 व्यक्तियों पर शांति भंग की कार्यवाही करते हुए हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया है व्यापक पैमाने पर शांति भंग की कार्रवाई किए जाने से अमन-चैन का माहौल कायम है।

## संपादकीय

# इंटरनेशनल डिजिटल भुगतान की दिशा में भारत के बढ़ते कदम

रुपए को डॉलर का प्रतिरूप बना कर विनिमय मुद्रा बनाने की ओर भारत लगातार अग्रसर है। डालर की निर्भरता को खत्म करने की तैयारी की शुरूआत में ही, भारत जी-20 देशों और अपने अकथनीय प्रयासों के चलते अन्य संसाधनों के माध्यम से दुनिया के अस्सी प्रतिशत देशों को कमोवेश भारत के साथ डिजिटल लेनदेन के लिए राजी कर चुका है। रूस और संयुक्त अरब अमीरात यूएई के साथ स्थानीय करेंसी में व्यापार शुरू करने पर रजामंदी हो चुकी है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत यूपीआई डिजिटल प्रणाली से भुगतान के लिए सिंगापुर, फ्रांस, जापान, ब्राजील और इंडोनेशिया समेत पडौसी देशों के अतिरिक्त कई अन्य देशों के साथ समझौता कर रहा है। इनके अतिरिक्त बहुत जल्द ही अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में यूपीआई से भुगतान की सुविधा भी शुरू हो सकती है। उच्च कोटि के विशेषज्ञों के मुताबिक दोनों देशों में यूपीआई के चलन में आने पर, दुनिया में मास्टरकार्ड और वीजा का दबदबा लगभग नहीं रह जाएगा। घूमने जाने से लेकर इन देशों में खरीदारी करने के लिए डालर की आवश्यकता नहीं रहेगी, भारतीय मुद्रा रुपए में सारा लेनदेन तत्काल संभव हो सकेगा।

जल्दी ही रूस और यूएई के साथ इंडोनेशिया से भी स्थानीय करेंसी में कारोबार शुरू हो सकता है। ऐसी पूरी सम्भावना मूर्त होने वाली है। अफ्रीका के कई देश भी रुपए में कारोबार के लिए अपनी दिलचस्पी दिखा चुके हैं। जी 20 देशों के बीच इस बात को लेकर लगभग आपसी सहमति बन चुकी है कि वर्ष 2027 तक अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन में सिर्फ एक घंटे का समय लगे, अधिक समय बर्बाद न हो। ऐसा तभी संभव है जब इन देशों की अपनी स्वयं की अपनी डिजिटल करेंसी हो, और यूपीआई जैसी डिजिटल भुगतान प्रणाली भी हो। भारत इन दोनों पर ही काम कर रहा है और अन्य देशों का नेतृत्व करने को तैयार है। अभी अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में कई घंटे लगते हैं और भौगोलिक समय में अंतर होने से कई बार इसमें एक दिन (चौबीस घंटे) तक का लम्बा समय लग जाता है। अंतरराष्ट्रीय ट्रांजैक्शन के लिए सोसायटी आफ वर्ल्ड वाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (स्विफ्ट) प्रणाली का इस्तेमाल होता है। स्विफ्ट, लेनदेन के लिए वैश्विक प्रणाली में मैसेजिंग का काम करता है। उल्लेखनीय है कि भारत का रिजर्व बैंक भी अपना त्रुटिहीन मैसेजिंग सिस्टम विकसित कर चुका है। डालर पर निर्भरता कम होने से अमेरिका द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी आदि पर विदेशी निवेशकों के भारतीय बाजार से निकलने पर बाजार में मुद्रा की गिरावट जैसी घटनाएं अत्यल्प होंगी, लेनदेन लागत में भी कमी आएगी और दूसरे देशों के साथ कारोबार भी बढ़ेगा। अभी कई देश डालर के अभाव में चाह कर भी भारत से कारोबार नहीं कर पाते हैं। स्विफ्ट में लेनदेन से भारत सीधे अपनी और उस देश की मुद्रा में व्यापार कर सकेगा। भारत की अपनी स्विफ्ट प्रणाली से लेनदेन शुल्क और अन्य व्ययों में भी आशातीत कमी होगी। इसके साथ ही भारत विदेशी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम पदार्थों पर भी अपनी निर्भरता कम करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के साथ सोलर एनर्जी, बीस प्रतिशत ऐथेनाल समिश्रण और ग्रीन हाइड्रोजन जैसी ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित कर रहा है। अगले कुछ सालों में वाहन ईंधन में एथेनाल के मिश्रण को पृथक करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रीन हाइड्रोजन पर लम्बी दूरी तक ट्रेन से लेकर ट्रक चलाने की तैयारी परीक्षण के दौर में चल रही है। दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री में अगले तीस वर्षों में इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों की हिस्सेदारी को तीस प्रतिशत तक ले आने का लक्ष्य रखा गया है। पेट्रोलियम पर निर्भरता कम होने से आयात व्यय में कमी आने के साथ भारत धन सम्पदा के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा अभी आयात स्तर पर बीस प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी पेट्रोलियम पदार्थों की होती है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि यूएई और उसके साथ रुपए में कारोबार शुरू करके डालर के प्रभाव को कम करने की शुरूआत तो कर दी गई है लेकिन अमेरिकी मुद्रा पर इस सन्दर्भ में निर्भरता खत्म करने में दस से पन्द्रह साल लग सकते हैं। आइये जानते हैं कि यूपीआई है क्या?

यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन है, जो उपयोगकताओं को बैंक खातों के बीच धन हस्तांतरित करने की त्रुटिरहित प्रक्रिया प्रदान करता है। यह नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा विकसित एक सिंगल-विंडो मोबाइल भुगतान प्रणाली है। यह हर बार ग्राहक द्वारा लेनदेन शुरू करने पर बैंक विवरण या अन्य संवेदनशील जानकारी दर्ज करने की आवश्यकता को भी समाप्त कर देता है।

यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस एक ऐसा सिस्टम है जिससे तुरंत पेमेंट होता है। इसकी मदद से, मोबाइल प्लेटफॉर्म पर दो पक्ष एक-दूसरे को धन हस्तांतरित कर सकते हैं। इससे बैंक खाता जोड़ने के लिए, यह जरूरी है कि आपके बैंक में यूपीआई की सुविधा हो।

वस्तुतः यूपीआई आईडी आपके बैंक खाते का पहचानकर्ता यूनिट है। इसकी मदद से, आप सीधे अपने बैंक खाते से पैसे भेज सकते हैं और पा भी सकते हैं।

जहां तक भारत की यूपीआई तकनीक का प्रश्न है वह लगभग हर स्तर पर खरी उतरी है और उसे विभिन्न परीक्षणों के पश्चात त्रुटिहीनता का स्तर भी प्राप्त हो चुका है। अमरीकी प्रशासन और बैंकिंग सिस्टम तो भारत की यूपीआई प्रक्रिया से इतना अधिक प्रभावित है कि वह इस पर भारत से गहन विमर्श के लिए लालायित है।

आगे जो भी कुछ हो आज की स्थिति यह है कि विश्व के मुद्रा बाजार में भारतीय रुपया एक साख स्थापित कर चुका है और जल्द ही दुनिया के अधिकाधिक छोटे और कुछ बड़े देश भी सीधे रुपए की मुद्रा में भारत से व्यापार करने के नेट्वर्क में शामिल हो सकते हैं।

# क्या लोकसभा चुनाव में प्रियंका गांधी , राहुल की जगह अमेठी से चुनाव लड़ सकती है ?

**अशोक भाटिया**

अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं, इस लिए सभी पार्टियों में जंग शुरू हो चुकी है। चुनावी जंग को जीतने के लिए सभी पार्टियां सभी दांव पेंच अपनाने में लगी हुई है। इसी कड़ी में कांग्रेसी नेता प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश से लोकसभा के सियासी संग्राम में उतर सकती है। गांधी परिवार के लिए अन्य संभावित सीटों पर भी गुणा- गणित शुरू हो गया है।उत्तर प्रदेश की सियासी नब्ज पर नजर रखने वाले अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रेहान अख्तर का कहना है कि प्रियंका के प्रति जनता में आकर्षण हैं। वह हिमाचल, कर्नाटक के बाद मध्य प्रदेश में सक्रिय हैं। जहां भी प्रियंका की जनसभा होती है। लोग उनकी बात को गौर से सुनते हैं। ऐसे में प्रियंका के जरिए पार्टी उत्तर प्रदेश में फिर से खुद को खड़ा कर सकती है। पिछले दिनों प्रियंका की ओर से भी कहा गया था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आदेश होगा तो वह चुनाव लड़ेंगी। प्रियंका अभी चुनावी राज्यों में निरंतर सक्रिय हैं।



जैसे कि अब 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक है और विपक्षी एकता क.ठ.ऊ.क.अ में शामिल कई नेता राहुल गांधी को नापसंद कर रहे हैं। इसकी वजह राहुल गांधी के कई बयान, खासतौर से प्रधानमंत्री मोदी पर दिया गया बयान है। कई नेताओं को ये भी लगता है कि राहुल गांधी में नेतृत्व की कमी है। वहीं राहुल गांधी के मुकाबले प्रियंका गांधी पार्टी के अंदर सर्वमान्य नेता है।

कहीं न कहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी पर राहुल से ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। यही वजह है कि पार्टी के कई नेता खुद प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार के रूप में उतारने की बात कह चुके हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में प्रियंका को कांग्रेस का प्रधानमंत्री फेस बनाने की मांग उठने लगी है। इसकी शुरूआत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने की है। उनका साफ-साफ कहना है कि कांग्रेस के लिए प्रियंका गांधी बहुत बड़ा चेहरा है जिसको नरेंद्र मोदी के सामने 2024 के लोकसभा चुनाव में लाना चाहिए। वहीं मोदी को सीधे टक्कर दे सकती हैं।

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का कहना है कि 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को देने के लिए किसी मशहूर चेहरे की जरूरत है। विपक्ष को ऐसा चेहरा पेश करना होगा जो मोदी को टक्कर दे सके। अभी जितने क्षेत्रीय पार्टियों के नेता है वह अपने-अपने राज्यों के नेता है और राष्ट्रीय स्तर पर इन नेताओं की कोई लोकप्रियता नहीं है।'2024 का चुनाव मुद्दों से ज्यादा चेहरे का चुनाव है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश का सबसे बड़ा चेहरा है । उन्होंने कहा कि हमें अपनी बात रखने का अधिकार है और फैसला विपक्ष को ही लेना होगा। नरेंद्र मोदी के सामने प्रियंका गांधी बहुत बड़ा चेहरा है। प्रियंका ही प्रधानमंत्री मोदी को हरा सकती हैं'।

वैसे देखा जाय तो भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। इसके बावजूद राहुल गांधी अब प्रधानमंत्री फेस की रेस से धीरे-धीरे बाहर होते जा रहे हैं। इसकी वजह ये है कि कांग्रेस के अंदर ही प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाने की मांग लगी है। राहुल गांधी की सदस्यता का रद्द होना इसकी सबसे बड़ी वजह है।राहुल गांधी केरल के वायनाड से सांसद थे। जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में 2 साल से ज्यादा की सजा हुई हो तो ऐसे में उनकी सदस्यता रद्द हो जाती है। सजा की अवधि पूरी करने के बाद 6 साल तक वो चुनाव भी नहीं लड़ सकते हैं। हाल ही में कम से कम चार दलों के शीर्ष नेताओं ने राहुल को विपक्ष के चेहरे के रूप में पेश करने को लेकर आपत्ति जताई है। इस लिस्ट में शरद पवार का नाम भी शामिल रहा है। 2020 में शरद पवार ने एक साक्षात्कार में कहा था कि राहुल के नेतृत्व में 'कुछ समस्याएं थीं और उनमें निरंतरता की कमी है। दिसंबर 2021 में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुंबई में राहुल की कार्यशैली का मजाक उड़ाया था। उन्होंने उनका नाम लिए बिना कहा, 'अगर कोई कुछ नहीं करता और आधे समय विदेश में रहता है तो कोई राजनीति कैसे करेगा? राजनीति के लिए निरंतर प्रयास होना चाहिए' ।समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया, तो उन्होंने राहुल को अपनी शुभकामनाएं भेजीं लेकिन पैदल यात्रा का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया। विपक्षी एकता सम्मेलनों के दौरान कई विपक्षी दल निजी तौर पर राहुल को एकजुट विपक्ष के चेहरे के रूप में पेश करने से सावधानी बरतते दिखे। उन्हें डर है कि प्रधानमंत्री मोदी और राहुल के बीच मुकाबले में दूसरे नंबर पर रहेंगे।

बता दें कि राहुल गांधी 2004 में लोकसभा के लिए चुने गए। यहीं से उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया। उन्होंने 2009 में भी अपनी सीट बरकरार रखी। 2013 में उन्हें कांग्रेस पार्टी का उपाध्यक्ष नामित किया गया। राहुल को 2017 के अंत में कांग्रेस पार्टी का प्रमुख बनाया गया। उन्होंने लोकसभा में अमेठी, उत्तर प्रदेश और वायनाड, केरल के निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया है। 2019 में राहुल गांधी कांग्रेस की परंपरागत सीट अमेठी से लोकसभा चुनाव हार गए। हालांकि उन्होंने इस चुनाव में केरल की वायनाड सीट से भी चुनाव लड़ा था जहां उन्होंने जीत दर्ज की थी। वह मुख्य विपक्षी दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य हैं और 16 दिसंबर 2017 से 3 जुलाई 2019 तक पार्टी के अध्यक्ष भी रहे हैं। साफ है कि राजनीति के मामले में राहुल के पास प्रियंका से ज्यादा अनुभव है। फिलहाल उन्होंने मानहानि के केस में लोकसभा की सदस्यता भी गंवा दी है। राहुल सांसद रहे हैं, वो उम्र में भी प्रियंका से दो साल बड़े हैं जबकि प्रियंका गांधी साल 2019 में अधिकारिक तौर पर राजनीति में शामिल हुई थी। उन्हें उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से के लिए पार्टी महासचिव नियुक्त किया गया था। इससे पहले के चुनावों में प्रियंका ने भाई और मां सोनिया गांधी के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार किया है।

जानकार ये मानते हैं कि भारत का चुनाव दुनिया में सबसे बड़ा है, इसलिए भी कोई भी भविष्यवाणी करना सबसे मुश्किल काम है। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक और सर्वेक्षणकर्ता इस बात से सहमत हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता उनके शुरूआती दिनों के मुकाबले कम हुई है।आंशिक रूप से अर्थव्यवस्था, नौकरियां और देश की विशाल ग्रामीण आबादी के लिए अनेकों वादों को पूरा नहीं किया गया है जिसका असर चुनावों पर पड़ सकता है।

कांग्रेस के सूत्र बताते है कि अगर राहुल के मुकाबले प्रियंका को मैदान में उतारा जाएगा तो आने वाले समय में नतीजे बेहतर हो सकते हैं। प्रियंका गांधी के झलक उनकी दादी इंदिरा गांधी में मिलती है। वहीं उनके भाषणों में भी इंदिरा गांधी की तरह ही जनता को आकर्षित करने की एक कला है। उनके भाई की सबसे बड़ी कमजोरियों ये है कि कई मौकों पर उन्हें सुस्त माना गया है। कर्नाटक चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने भी रैलियां की थी और प्रियंका गांधी ने भी नतीजे कांग्रेस के पक्ष में आए। वैसे लंबे समय से प्रियंका गांधी अपने बड़े भाई की छाया में रहीं हैं। प्रियंका को अपने भाई के बहुत करीब माना जाता है और पार्टी के भीतर भी प्रियंका की इज्जत राहुल से ज्यादा है। प्रियंका गांधी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में अपनी मां और भाई के अभियानों का प्रबंधन किया, लोगों के साथ अपने परिवार के ऐतिहासिक बंधन का आह्वान किया। प्रियंका ने राजनीतिक रैलियों में उग्र भाषण दिए थे। उसके बाद प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश को 2014 में पूर्वी हिस्से में चुनाव का प्रभारी बनाया गया था, जो 20 करोड़ लोगों का राज्य है जो भारत का सबसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्रांत है।

कांग्रेस के ही सूत्र बताते है कि प्रियंका गांधी और राहुल गांधी में यकीनन राहुल अधिक अनुभवी हैं लेकिन राहुल एक दशक से आजमाए जा रहे हैं। कोई करिश्मा नहीं कर पाए। उल्टे दर्जन भर के करीब मानहानि के मुकदमे खड़े कर लिए। बोलने के कौशल का उनमें नितांत अभाव है। इन तमाम गुणों में प्रियंका बराबर ही नहीं कुछ मामलों में राहुल से आगे दिखती हैं। राहुल सांसद चुने जाते रहे, इससे उनको संसदीय मामलों की जानकारी अधिक हो सकती है और इसकी कमी प्रियंका में जरूर महसूस होगी। महिला होकर भी मेहनत में प्रियंका राहुल से पीछे नहीं।परन्तु राहुल जब अपने घराने की पारंपरिक सीट नहीं बचा सके तो कोई दैवीय करिश्मा ही अब उन्हें चुनाव में अचानक कामयाब करेगा। राहुल के नाम पर कांग्रेस दूर दूर तक कामयाब होती नहीं दिखती। प्रियंका के चेहरे पर कांग्रेस दांव लगाती है तो अभी भले बहुत लाभ न मिले, पर आगे वह ऊंचाई तक जा सकती है।

# दृश्य देख विध्वंस का धरती भय से थरार्ती है !

**सुनील कुमार महला**

युद्ध किसी भी समस्या का कभी भी स्थाई समाधान नहीं होता है। युद्ध में केवल और केवल विध्वंस है,आग है,धमाका है,खून है, चीत्कारें हैं। युद्ध मानवहीनता की पराकाष्ठा है, वास्तव में युद्ध करूणा का अंत है। युद्ध के विरूद्ध केशव शरण अपनी एक कविता' युद्ध महान 'में कुछ यूं लिखते हैं-'अपना रथ भी दौड़ाऊं,बाण भी चलाऊं और जीत भी लूं युद्ध महान ,मेरी सैन्य-सुविधाएं क्या यही भगवान ! मैं वीर गति को प्राप्त हो जाऊं और पाऊं स्वर्ग में स्थान, इस सांत्वना के अलावा और कुछ नहीं भगवान !' रूस-यूक्रेन युद्ध को डेढ़ वर्ष का लंबा समय हो गया है। यह ठीक है कि दोनों देशों में वर्चस्व, सम्मान और स्वाभिमान की लंबे समय से जंग जारी है, लेकिन युद्ध से आखिर होगा क्या ? युद्ध से नुकसान ही नुकसान हैं, कोई फायदा नहीं। आज भी दोनों देशों में से कोई भी देश झुकने को और पीछे हटने को तैयार नहीं है और इसका खामियाजा न केवल रूस और यूक्रेन को बल्कि दुनिया के लगभग लगभग सभी देशों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भुगतना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस युद्ध में न तो कोई जीत रहा है न ही कोई हार रहा है। दिसंबर 2022 में ही यूक्रेनी राष्ट्रपति के आर्थिक सलाहकार ओलेग उस्तेंको के मुताबिक यह बात सामने आई थीं कि , यूक्रेन को युद्ध की वजह से एक ट्रिलियन डॉलर (करीब आठ लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है। दिसंबर 22 के ही आंकड़ों के अनुसार रूस भी युद्ध में करीब 8,000 अरब रुपये फूंक चुका है।अमेरिका-यूरोप-यूक्रेन और रूस के लिए युद्ध के अपने-अपने मायने हैं और नफे-नुकसान हैं। लेकिन, कुल मिलाकर बात यह है कि पूरी दुनिया को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। करीब 32 लाख करोड़ रुपये (4 ट्रिलियन डॉलर) का खर्च तो दिसंबर 22 तक ही हो चुका और इसके बाद तो सात महीने का और समय बीत चुका है तो हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इस युद्ध पर कितना अधिक खर्च हो चुका है।जाहिर है, यूक्रेन को युद्ध का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ा है। भोजन और ईंधन की बढ़ी हुई कीमतें, बाधित आपूर्ति शृंखला, महंगाई और बेरोजगारी जैसे कारकों को शामिल कर देखा जाए, तो युद्ध की वजह से पूरी दुनिया पर करीब 24 लाख करोड़ रुपये (तीन ट्रिलियन डॉलर) का बोझ तो दिसंबर 22 तक ही पड़ा है। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स का अनुमान है कि 24 फरवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक रूसी हमलों में यूक्रेन का 138 अरब डॉलर का इन्फ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया है। भारतीय करंसी में ये रकम 11 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा बैठती है। आज स्थिति यह है कि युद्ध के कारण शहर के शहर खंडहर हो चुके हैं। पर्यावरण का कितना अधिक नुकसान हुआ है यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध में अब तक

हजारों लाखों लोगों की जानें जा चुकी है और हजारों लाखों लोग युद्ध के कारण विस्थापित हो चुके हैं। यहां तक कि लोगों की भोजन, ईंधन, बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतें तक पूरी नहीं हो पा रही है और वे युद्ध की वजह से जीवित रहने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि 24 फरवरी 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया था।

यूक्रेन की स्थिति तो यह है गई है कि यूक्रेन आने वाले पचास सालों में भी युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पायेगा, हालांकि युद्ध से रूस भी बरसों पीछे चला गया है और उसका भी नुकसान यूक्रेन से कमतर नहीं आंका जा सकता है। इस युद्ध ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित और अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। यूक्रेन द्वारा रूस पर ड्रोन हमले किए जा रहे हैं लेकिन इसी बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में जो बयान दिया है उसे गम्भीरता से लिया जाना चाहिए और युद्ध को समाप्त करने की कोई न कोई पहल जरूर की जानी चाहिए। यह बहुत ही संवेदनशील है कि रूसी सेना यूक्रेन के आत्मसमर्पण करने से पहले हमले रोकने को तैयार नहीं है, वही यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अंतिम सांस तक मुकाबला करने, लड़ने की कसम खाई है। सच तो यह है कि यूक्रेन को नाटो देशों से मिल रहे हथियारों ने युद्ध को लंबा खींचने में बड़ी भूमिका निभाई है। लेकिन जो भी हो इस युद्ध को रोका जाना बहुत ही जरूरी व आवश्यक है। हालांकि युद्ध के संबंध में पुतिन का यह कहना है कि वे कभी भी शांति पहल के खिलाफ नहीं रहे हैं लेकिन जब यूक्रेन की सेना बड़े पैमाने पर उनके देश पर हमले कर रही हों तो रूस की सेना युद्ध विराम कैसे कर सकती है ? आज विश्व के बहुत से देश जैसे भारत, चीन,अफ्रीका दोनों देशों से शांति बरतने की लगातार अपील कर रहे हैं। पुतिन का बयान भी काफी महत्वपूर्ण व अहम् है। रूस और यूक्रेन दोनों ही देशों को अपना दंभ त्यागना होगा और शांति बहाली के लिए मेज पर आना होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को भी युद्ध की विभिषिका को समझना होगा और हथियारों और गोला बारूद की सप्लाई को बंद करना होगा। हालांकि युद्ध के संदर्भ में रूस और यूक्रेन दोनों ने अब तक यही बात कही है कि वे बिना शर्तों के शांति वार्ता के लिए बातचीत की मेज पर नहीं आएंगे। यह बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण है।

युद्ध के चलते दुनिया भर में आज पैट्रोल, ऊर्जा संकट व खाद्यान्नों का खड़ा हुआ है। यूक्रेन गेहूं का एक बड़ा उत्पादक देश है और युद्ध के कारण अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट लगातार गहरा रहा है। आज सोमालिया, कीनिया, इथियोपिया और दक्षिण सूडान जैसे देशों में पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को खाद्य सुरक्षा सहायता की जरूरत है। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस यूक्रेन युद्ध से मध्य पूर्व के कुछ देशों में भी खाद्य असुरक्षा पैदा हुई है और खाद्यान्न की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखने को मिला है। मध्य पूर्व और अफ्रीकी देशों में ही नहीं संपूर्ण विश्व में खाद्यान्न कीमतों में इस युद्ध के कारण बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। विश्व के अनेक देशों में युद्ध से गरीबी और भूख में इजाफा हुआ है। ऊर्जा व्यापार, कमोडिटी व्यापार, सेवाएं और यात्रा, निवेश और वित्त पर असर पड़ा है। इतना ही नहीं इस युद्ध के कारण आज संपूर्ण विश्व दो गुटों में बंट चुका है। सच तो यह है कि रूस यूक्रेन युद्ध को यदि तुरन्त नहीं रोका गया तो इससे विश्व शांति को गम्भीर खतरा पैदा हो जाएगा। रूस यूक्रेन के साथ ही अब अमेरिका एवं नाटो देशों को भी?अपनी जिद और दंभ छोड़ने की जरूरत है। अमेरिका और नाटो देशों की यह बहुत बड़ी भूल है कि वे यूक्रेन को सैन्य सहायता ,गोला बारूद व हथियारों की सप्लाई कर-के रूस से युद्ध जितवा देंगे। यूक्रेन को भी नाटों में शामिल होने की महत्वकांक्षा को त्याग देना चाहिए और वार्ता की मेज पर आना चाहिए। अंत में यही कहूंगा कि '...दृश्य देख विध्वंश का धरती भय से थरार्ती है,स्वयं काल की काया भी यह चित्र देख घबराती है।'

# मणिपुर संघर्ष व कम्युनिस्ट चीन की भूमिका

मणिपुर में मैतेई व कुकी जातियों का संघर्ष लंबे समय से चल रहा है। इसकी पृष्ठ भूमि 1968 के वर्ष से मानी जाती है। तब कांग्रेस सरकार ने कुकी जाति को आधिकारिक रूप से मणिपुर में बसाया जाने के लिए समर्थन व सुविधाएं उपलब्ध कराई थी। इन दो जातियों के बीच का संघर्ष राज्य के लिए अशांति का बड़ा कारण है । लेकिन उसके पीछे विदेशी ताकतें काम कर रही है। ऐसा मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने भी कहा है और उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में चल रही हिंसा में चीन की भूमिका हो सकती है, उन्होंने कहा कि "विदेशी हाथ से इंकार नहीं किया जा सकता" ।खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से मिली एक्सक्लूसिव जानकारी के मुताबिक, मणिपुर समेत नार्थ ईस्ट (पूर्वोत्तर भारत) में सक्रिय उग्रवादियों को बड़ी संख्या में चीनी हथियार पहुंचाए जा रहे हैं। खुफिया एजेंसियों को शक है कि चीन के बने इन हथियारों का इस्तेमाल मणिपुर में आशांति फैलाने के लिए भी किया जा रहा है। इन तीन माह के संघर्ष के पहले भी मणिपुर में कई उग्रवादी संगठनों के तार चीनी एजेंसियों से जुड़े पाए गए हैं। उनसे चीनी हथियार भी पाए गए हैं। इन उग्रवादियों से जुड़े लोग चीन में जाकर प्रशिक्षण तक लेकर आये हैं और भारत के इस सुंदर प्रदेश को बड़ी हानि पहुंचाते रहे हैं।विश्व के अधिकांश देश जानते हैं कि चीन के अपने किसी भी पड़ोसी देश से अच्छे संबंध नहीं है। वह एक बिगड़ैल व विवादास्पद पड़ोसी देश है। ऐसे में मणिपुर संघर्ष व हिंसा में कम्युनिस्ट चीन का हाथ होना सामान्य सी बात है ।मीडिया खबरों की माने तो खुफिया एजेंसियों से ऐसे चीनी हथियारों की एक्सक्लूसिव तस्वीरें मिली हैं जिनका इस्तेमाल उग्रवादी गुट मणिपुर समेत पूर्वोत्तर भारत में हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक, देश के पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय उग्रवादी गुटों के पास जिस तरह से चीनी हथियार पहुंच रहे हैं वो चिंता की बात है। और मणिपुर हिंसा व संघर्ष में कम्युनिस्ट चीन की सीधी सीधी भूमिका दिख रही है। मणिपुर में उग्रवादी गुट इन्हीं हथियारों की मदद से हिंसा फैलाने की जानकारी मिल रही है। उग्रवादियों के कई कमांडरों के बारे में खुफिया जानकारी है कि वो चीन में छुपे हुए हैं। ऐसे में चीन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

विगत दिनों जनरल (सेवानिवृत्त) नरवणे ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि जो लोग जिम्मेदार पदों पर आसीन हैं और आवश्यक कार्रवाई करने की जिनकी जवाबदेही है, वे बेहतर ढंग से अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों का हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता। एक और बात जो मैं खासतौर पर कहूंगा कि विभिन्न उग्रवादी संगठनों को चीन की ओर से सहायता मिलती है। उग्रवादी संगठनों को चीन की मदद कई वर्षों से मिल रही है और यह अब तक जारी है।'

साथ ही उन्होंने टिप्पणी की, मुझे यकीन है कि सरकार उत्तर-पूर्व क्षेत्र में अशांति पैदा करने में चीन की भूमिका से अवगत है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कम्युनिस्ट चीन पर यह भी आरोप लगाया कि चीनी सेना पूर्वोत्तर के साथ-साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को अस्थिर करने में सक्रिय है। संयोग से, कई दशकों से असम, नागालैंड, मणिपुर सहित उत्तर-पूर्व भारत के विभिन्न राज्यों में सक्रिय उग्रवादी म्यांमार में स्थित हैं। आरोप है कि चीनी जासूसी एजेंसी उत्तर-पूर्व क्षेत्र में आतंकवादियों को लगातार हथियार और बुनियादी ढांचा सहायता प्रदान कर रही है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, चीन समर्थित उग्रवादी समूहों की सूची में कुकी नेशनल आर्मी, कुकी नेशनल फ्रंट, यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट शामिल हैं। इन सभी उग्रवादी संगठनों की हाल ही में मणिपुर में हुई सांप्रदायिक हिंसा में कथित तौर पर भूमिका थी ।भारत की सेना के प्रमुख रहे जनरल नरवणे के इस बयान के गहरे अर्थ है। चीन विगत छः दशकों से भारतीय सीमा में घुसपैठ करने में लगा रहता है। भारत का बड़ा भूभाग अवैध रूप से व अंतरराष्ट्रीय निमयों का उल्लंघन करते हुए चीन के कब्जे में है। आये दिन चीन के सैनिकों की भारतीय सैनिकों से मुठभेड़ होती रहती है। कम्युनिस्ट चीन की इन्हीं हरकतों व चालों से सीधे कहा जा सकता है कि मणिपुर हिंसा व संघर्ष में भी चीन की बड़ी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# तीर्थयात्रा का क्या अर्थ है? क्या महत्व है तीर्थो का?

'तीर्थ' शब्द का आधुनिक तरीके से अर्थ निकाला जाए तो ह्लतीह्व शब्द से तीन और ह्लर्थह्व शब्द से अर्थ निकलता है। इस तरह से इसका अर्थ बनता है ह्लतीन अर्थो की सिद्धिह्व यानि जिससे तीन पदार्थो की प्राप्ति हो उसे तीर्थ कहते है। इन चारो में 'अर्थ' (धन) तो तीर्थ यात्रा करने में खर्च होता है। धर्म, काम और मोक्ष इन तीनो की प्राप्ति तीर्थ यात्रा से हो जाती है ।ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की लोगो की तीरथ यात्रा करने के पिछे अलग अलग मंशा होती है। जो मनुष्य सात्विक है, वो केवल मोक्षं के लिए तीर्थ यात्रा करते है। जो व्यक्ति सात्विक और राजसी वृत्ति के है, वे धर्म के लिए तीर्थ यात्रा करते है। और जो व्यक्ति केवल राजसी वृत्ति के है, वे संसारिक और परलौकिक कामनाओ की सिद्धि के लिए तीर्थ यात्रा करते है। परंतु जो व्यक्ति निष्काम भाव से यात्रा करते है। केवल उन्हें ही मोक्षं प्राप्त होता है। जो व्यक्ति सकाम भाव से तीरथ यात्रा करते है। उन्हे इस लोक में स्त्री पुत्र आदि और परलोक में स्वर्ग की प्राप्ति होती है। परंतु उन्हे मोक्ष प्राप्त नही हो सकता।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की इस संसार में जितने भी तीर्थ है। वो सभी भगवान और भक्तो के साथ से ही बने है अथार्त भक्त बिना भगवान नही, भगवान बिना भक्त नही, और इन दोनो के बिना तीर्थ नही। तीरथ यात्रा का असली मकसद तो आत्मा का उद्धार करना है। इस लोक और परलोक के भोगो की प्राप्ति के लिए और भी बहुत से साधन है। इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि वह भोगो की प्राप्ति के लिए तीरथ यात्रा न करे। बल्कि आत्मा के कल्याण के लिए तीर्थ यात्रा करे। और जो लोग आत्मा के कल्याण के लिए श्रद्धा व भक्तिपूर्वक नियम का पालन करते हुए तीरथ यात्रा करते है। उसे मोक्षं की प्राप्ति के साथ अन्य लाभ भी होता है।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की भारत की सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने हेतु आदि शंकराचार्य नें भारत के चार दिशाओं में चार धामों की स्थापना की। उत्तर में बद्रीनाथ, दक्षिण में रामेश्वरम, पूरब में जगन्नाथपुरी एवं पश्चिम में द्वारका; हिन्दुओं के चार धाम हैं। पूर्व में हिन्दू इन धामों की यात्रा करना अपना पवित्र कर्तव्य मानते थे। कालान्तर में हिन्दुओं के नये तीर्थ आते गये हैं।

# 12 बीमारियों से बचाता है टीका: डॉ मुकेश पहाडी

## यूनिसेफ के सहयोग से प्रशिक्षण सम्पन्न




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वास्थ्य विभाग ने यूनिसेफ के सहयोग से आकांक्षी जिले के ब्लॉक रिस्पॉन्स टीम ने जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में किया।

बुधवार को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा मुकेश पहाड़ी ने कहा कि टीकाकरण 12 जानलेवा बीमारियों टीबी, पोलियो, काली खांसी, गलघोंटू, खसरा, हिपेटाइटिस, टिटेनस, निमोनिया, वायरल डायरिया, दिमागी बुखार और रुबेला से बचाता है। टीकाकरण बच्चों को कुपोषण से भी बचाता है। शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी आने का मुख्य कारण नियमित टीकाकरण भी है। नियमित टीकाकरण के प्रति समुदाय को जागरूक करने की आवश्यकता है। टीकाकरण से बच्चा सुरक्षित रहता है व संक्रमण से बचता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिरक्षण डा संतोष ने कहा कि गर्भवती को टिटेनस और वयस्क डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाता है। बच्चों को बीसीजी, पीसीवी (न्यूमोकॉकल कोन्जुगेट वैक्सीन), पेंटावेलेन्ट, हिपेटाईटिस, टिटेनस, पोलियो, खसरा, रुबेला, रोटा वायरस का टीका लगाया जाता है। उन्होंने टीका न लगवाने वाले परिवारों की सूची बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है। यूनिसेफ के जिला कोऑर्डिनेटर दिलीप द्विवेदी ने गर्भवती महिलाओ की चार जांचो की आवश्यकता, एचआरपी का सही संदर्भन, एचआईवी एवं सिफलिस की जांच जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बताया। नियमित टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सभी नगरीय एवं ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक, स्वास्थ्य अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## अब इंजीनियर्स भी हुए हड़ताल को मजबूर

**भिवानी।** अपनी मांगों और जायज हकों के लिए राज्य इकाई के आह्वान पर 2 अगस्त को डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन भी 1 दिन के सांकेतिक हड़ताल पर चली गई। जन स्वास्थ्य विभाग के जेई और राज्य सचिव बिजेश जावला व जिला प्रधान संजय जैन ने बताया कि सरकार की हठधर्मिता और दमनकारी नीतियों को लेकर आज लगभग हर कैटेगरी धरना प्रदर्शन पर मजबूर है इसी कड़ी में हम न सिर्फ अपनी मांगों के लिए बल्कि अपने जायज हकों के लिए लंबे समय से संघर्षरत हैं और हाल ही में 19 जुलाई को सभी जिला उपायुक्तों के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# पुष्टाहार उत्पादन केन्द्र का मंत्री ने किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के तहत निर्मित स्वयं सहायता समूह से संचालित पुष्टाहार केन्द्र का शुभारम्भ किया।



बुधवार को कलस्टर गांव खोह में प्रभारी मंत्री को निरीक्षण में उपायुक्त स्वरोजगार ने मशीनरी खपत, उत्पादन, पैकेजिंग पावर के बारे में बताया। मंत्री ने निरीक्षण में टीएचएआर में कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने योजनाओं के बारे में बताया कि प्रदेश सरकार की योजनाये हैं। जिले में पुष्टाहार उत्पादन होगा। स्वयं सहायता महिलाओं को रोजगार मिलेगा, जो महत्वपूर्ण कार्य है।

## एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं-बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल कायम करने की गरज से मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, गांवों में भ्रमण कर जांच की।



बुधवार को एंटी रोमियो टीमों ने छात्राओं/महिलाओं को सुरक्षा व सहायता को शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा व थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया।

एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं/बालिकाओं के बीच जागरूकता पम्पलेट बांटकर उन्हें समझाया कि कोई समस्या होने पर पुलिस से सम्पर्क करें। पुलिस आप की सेवा के लिए है।

## बारिश के मौसम में भी नहीं हुई ढंग से बारिश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इस वर्ष बारिश के मौसम में जिला मुख्यालय में सही ढंग से एक बार भी बारिश नहीं हुई। बुधवार को पहली बार इस मौसम में ढंग से बारिश हुई है, तब जाकर लोगों को कुछ गर्मी से राहत मिली है।

बुधवार को जिले में जिला मुख्यालय में सवेरे से ही मौसम का मिजाज बदला-बदला सा नजर आया। पहले तो लोगों ने सोचा कि बादल घिरे हैं, इस तरह तो कई बार घिरे हैं, लेकिन बरसे नहीं हैं। थोडा देर बाद मामूली बारिश शुरू हुई। फिर तो पूरे दिन बारिश होती रही। अपरान्ह तीन बजे के आसपास तेज धूप निकली। फिर आसमान में बादल छा गये। इस तरह से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है।

बारिश के इस मौसम में पहली बार कुछ ढंग की बारिश लोगों ने महसूस की। इस बार का बारिश का मौसम लोगों को दगा ही देता रहा। बादल घिरकर हमेशा जाते रहे। जमकर बारिश देखने को लोग तरस गये। इस बार नदी में भी बाढ नहीं आई। मौसम के बदलते मिजाज से लोग खासे परेशान हैं।

## पर्यटन विकास की जिले में है अपार सम्भावनायें: प्रभारी मंत्री, मंत्री ने मौके पर देखे विकास कार्य

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बरहा हनुमान मंदिर के पास निमार्णाधीन गेट एवं अन्य पर्यटन विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

बुधवार को प्रभारी मंत्री को निरीक्षण दौरान कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गेट निर्माण का कार्य नींव स्तर तक पूरा हो गया है, शेष कार्य तेजी से हो रहा है। म्यूरल्स वाल भी दोनों ओर बनाई जाएगी। परिक्रमा मार्ग में ही मप्र-उप्र सीमा पर एक गेट बनाया जा रहा है। पर्यटन चैराहा सीतापुर में भी फाउंटेन एवं सुंदरीकरण हो रहा है। रामघाट पर भी गेट बन रहा है। प्रभारी मंत्री ने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भगवान राम की तपोस्थली में पर्यटन की अपार संभावनायें हैं। पर्यटन के मद्देनजर शासन ने जो कार्य कराने को कहा है, समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण पूरे करायें। पर्यटन को बढ़ावा देने को और क्या कार्य हो सकते हैं, इसका भी प्रस्ताव शासन को भेजा जाए, ताकि जिले में पर्यटन विकास हो सके।

निरीक्षण में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, महामंत्री आलोक पांडेय, उप जिलाधिकारी राजबहादुर, सहायक अभियंता यूपीपीसीएल सुनील कुमार, तीर्थ विकास परिषद के लेखाकार दीप रिछारिया समेत जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# फसलों का बीमा दस अगस्त तक करायें: राजकुमार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने की तिथि 31 जनवरी से बढाकर दस अगस्त कर दी गई है। जिले के किसान धान, अरहर, तिल, ज्वार, बाजरा फसलों का बीमा करा सकते हैं।



बुधवार को उपकृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि गैर ऋणी कृषक (जो केसीसी धारक नहीं है) अपनी फसलों का बीमा जनसेवा केन्द्रों पर करा सकते हैं। विकासखण्ड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर भी अभिलेखों समेत सम्पर्क कर फसलों का बीमा करा सकते हैं। ऋणी कृषक बैंक शाखा से फसलों का बीमा करा सकते हैं। केसीसी धारक कृषक फसल बीमा नहीं कराना चाहते है तो कृषक सम्बन्धित बैंक शाखा को लिखित सूचित करें। अन्यथा की दशा में किसान भाइयों की सहमति मानते हुये बोई फसलों को बैंक बीमित कर प्रीमियम धनराशि सम्बन्धित बीमा कम्पनियों को भेज देगा। जिले में यूनीवर्सल सोम्पों जनरल इन्योरेन्स कम्पनी लि कार्यरत है। खरीफ फसलों का बीमा कराने को कृषकों को मात्र दो फीसदी प्रीमियम देना होगा। शेष प्रीमियम धनराशि केन्द्र व राज्य सरकारें देंगी। उन्होंने किसानों से कहा कि अधिक से अधिक किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठायें, ताकि किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा होने पर फसल क्षतिपूर्ति का लाभ मिल सके। खरीफ मौसम में फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि दस अगस्त है।

# चित्रकूट के विकास को सीएम ने मंजूर किये हैं पांच हजार करोड रुपये: प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री ने की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की मौजूदगी में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जिले में संबंधित विभागों को शासन ने राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है। लक्ष्य को शत-प्रतिशत करायें, क्योंकि प्रदेश का विकास बिना राजस्व के नहीं हो सकता।



बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि खनिज, परिवहन, वाणिज्य कर विभाग प्रयास करें तो राजस्व काफी बढ़ सकता है। अधीक्षण अभियंता विद्युत को कडे निर्देश दिए कि जिले की विद्युत व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए। सुधार न होने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। आकांक्षी जिला में सरकार के घोषित पर्यटन तथा उद्योग को बढ़ावा देने को मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में चित्रकूट विकास को पांच हजार करोड़ की धनराशि मंजूर की है। प्रदेश सरकार जिस ढंग से विकास चाहती है, उसी अनुसार अधिकारी कार्य करें। पर्यटन विकास का कार्य धीमा है, इसकी गति बढ़ायें। नल से जल की योजना भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें प्रगति कराकर जिले की जनता को शुद्ध पेयजल दें।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि किसान समृद्ध होगा तो प्रदेश व देश समृद्ध होगा। विकास संभावनाओं पर कार्य करें। सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को कैसे मिले, प्रत्येक माह कानून एवं विकास कार्यों की समीक्षा होती है। विकास कार्यों में प्रदेश व देश में चित्रकूट अव्वल कैसे आए, सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी तालमेल से कार्य करें तो जिले में बेहतर विकास कार्य होंगे। जिले को सर्वश्रेष्ठ बनाने का लक्ष्य है। केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनायें जनता तक पहुंचे, उस पर कार्य करें। सभी लोग टीम का हिस्सा हैं, टीम भावना से कार्य करें तो जिले का विकास होगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि निराश्रित गोवंशो को शासकीय गौशालाओं में शत-प्रतिशत संरक्षित करें, ताकि किसानों की फसलों को क्षति न पहुंचे। प्रभारी मंत्री ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि सरकार की मंशानुसार सड़कों का निर्माण करें। सेतुओ के निर्माण में प्रगति करायें। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि सेतुओं के निर्माण कार्य प्रगति पर है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी से कहा कि आई फ्लू की बीमारी को देखते हुए अभियान चलाकर स्वास्थ्य कैंप लगाकर जांच करायें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि गरीब बच्चों के प्रवेश को सरकारी योजना में जागरूकता कराकर लाभान्वित करायें। मानिकपुर विधायक ने बीएसए से कहा कि मानिकपुर क्षेत्र के मऊ गुरदरी विद्यालय का फर्नीचर टूटा है, वहां व्यवस्था करायें। विद्यालयों में निरीक्षण कर शिक्षा में सुधार लायें। प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से जिले में कानून व्यवस्था की बाबत जानकारी लेते हुए महिला उत्पीड़न पर अपराधियों के खिलाफ जल्द कार्यवाही को कहा।

बैठक के बाद जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी मंत्री समेत सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र आदि अधिकारी व भाजपा नेता आलोक पांडेय, देव त्रिपाठी, रवि प्रकाश त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

## एक वांछित-छह वारंटी पुलिस ने दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व छह वारंटी दबोचे हैं।

बुधवार को पहाडी थाने के दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा की टीम ने दहेज हत्या में वांछित धर्मेन्द्र सिंह पुत्र विनोद सिंह निवासी परसौंजा को गिरफ्तार किया है। भरतकूप थाने के वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह ने पुलिस टीम के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी भरत सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी पहरा को गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने मारपीट के वारंटी चरन पुत्र छेदीलाल निवासी इटरौर भीकमपुर को गिरफ्तार किया। सरधुवा थाने के दरोगा दिनेश पाण्डेय की टीम ने वारंटी शिवदयाल पुत्र लक्ष्मी निवासी ब्यौहरा को दहेज हत्या में गिरफ्तार किया है। सरधुवा पुलिस ने वारंटी शिवप्रताप पुत्र रामनरेश, रामनरेश पुत्र चुक्का निवासी दरसेडा को भी गिरफ्तार किया है। पहाडी थाने के वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के वारंटी राममिलन धोबी पुत्र रामप्यारे धोबी निवासी धोबिन पुरवा कलवारा को गिरफ्तार किया है।

## पुलिस मुजहमत में दो दबोचे, जेसीबी-ट्रैक्टर ट्राली बरामद, अवैध खननकताओं ने पुलिस के साथ की थी मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में थाना मऊ पुलिस ने अवैध खनन करने से रोकने पर पुलिस के साथ मारपीट एवं अभद्रता करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक जेसीबी मशीन व एक टैज्क्टर ट्राली बरामद की है।



ज्ञात है कि 31 जुलाई को मऊ थाने के पूरब पताई गांव के पास कुछ लोग सड़क किनारे अवैध ढंग से मिट्टी खनन कर रहे थे। सूचना पर दरोगा रामकृत यादव सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे तो अवैध खनन करने वालों ने गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। नायब तहसीलदार मऊ के मौके पर पहुंचने पर उनके साथ भी अभद्रता की गई। इस बाबत थाने से दरोगा इंद्रजीत गौतम समेत पुलिस बल ने मौके पर पहुंचे तो पुलिस को देखकर तीन लोग मौके से भाग गये।

पुलिस ने जगदीश पुत्र चन्द्रदेव निवासी बेलहा व नीरज कुमार पाल पुत्र उदयराज निवासी देराबारी थाना लालापुर जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया। मौके से जेसीबी व एक ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी लदी बरामद की गयी। घटना की बाबत मऊ थाने में मामला दर्ज किया। पुलिस टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम, दरोगा रामकृत यादव, सिपाही इंदल कुमार, सिपाही रविन्द्र शामिल रहे।

## जर्जर पीपल डाल गिरने से छात्र की मौत, दूसरा घायल, एसडीएम ने चार लाख की मदद का दिया भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के ट्राफिक चैराहा सदर रोड में पीपल वृक्ष की डाल गिरने से कोचिंग पढ़कर लौट रहे हरिहरपुर के अंकित पटेल की डाल की चपेट में आने से मौके पर मृत्यु हो गई। दूसरा लड़का सोभी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।



ये हादसा मंगलवार को देर शाम जिला मुख्यालय के सदर रोड में हुआ। बताया गया कि सदर रोड में पीपल का पुराना वृक्ष था। अचानक वृक्ष की एक डाल टूटकर गिर गई, उसी समय मोटरबाइक से कोचिंग पढकर लौट रहे हरिहरपुर के अंकित पटेल व सोभी डाल की चपेट में आ गये। इससे अंकित पटेल की मौके पर मृत्यु हो गई। दूसरा लडका सोभी घायल हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

परिजनों ने बताया कि मंगलवार को देर शाम बीएससी की कोचिंग पढ़ के लगभग 30 छात्र अपने घर जा रहे थे। अचानक पेड़ की डाल गिरने से लोगों ने डाल के नीचे दबे अंकित व सोभी को बचाने का प्रयास किया। बड़ी डाल होने से अंकित की मौके पर मौत हो गई। सदर एसडीएम राज बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने मृतक परिवार को दैवीय आपदा से आर्थिक सहायता देने की मांग की। एसडीएम ने पीएम के बाद चार लाख की मदद देने का भरोसा दिया। नगर के सभी जर्जर पेड़ों को हटाने का भी भरोसा दिया।

## पद पाते ही बौरा गये एसडीएम रामजन्म यादव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने एएसडीएम रहे रामजन्म यादव को मानिकपुर एसडीएम क्या बनाया, वह तो एकदम से बौरा गये हैं। मानिकपुर जैसे पिछडे क्षेत्र में एसडीएम रामजन्म यादव लोगों से अभद्र बर्ताव करने पर उतारु हैं। लोगों की बात तक सुनने को तैयार नहीं होते। जमकर मनमानी कर रहे हैं।




एसडीएम रामजन्म यादव के अभद्र बर्ताव की मानिकपुर कस्बे समेत तहसील क्षेत्र के गांवों के तमाम लोगों ने बताया कि वह तहसील जाने पर पहले तो आसानी से मिलते नहीं हैं। मिलते भी हैं तो लोगों के साथ अभद्र ढंग से बर्ताव करते हैं। चर्चा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के गुणगान करते रहते हैं। ज्ञात है कि एसडीएम रामजन्म यादव को जिलाधिकारी ने लम्बे समय तक कोई चार्ज नहीं दिया था। अब चार्ज पाते ही वह मनमानी पर उतारु हो गये हैं। किसी भी कार्य से लोग उनके पास जाते हैं तो वे सही ढंग से जवाब नहीं देते। कहते हैं कि पूर्व के अधिकारी जो कर गये हैं, वह सब सही है।

पूर्व एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव भले ही लोगों का काम न करते रहे हों, लेकिन किसी से अभद्र बर्ताव तो नहीं करते थे। जबसे एसडीएम रामजन्म यादव ने मानिकपुर का कार्यभार संभाला है, वे बौरा से गये हैं। पिछडे क्षेत्र में बौराये एसडीएम के जाने से क्षेत्रीय लोगों में भारी नाराजगी है। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि एसडीएम रामजन्म यादव को अपने पास ही बुला लें तो तहसील क्षेत्र का विकास हो सकता है।

## फिजी में भूकंप के तेज झटके, हिली धरती

**सुवा।** फिजी में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.7 मापी गई। अमेरिकी वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। अमेरिकी वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने



बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार तड़के 1:32 बजे महसूस किए भूकंप का केंद्र 597.0 किलोमीटर की गहराई के साथ 21.62 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 179.33 डिग्री पश्चिम देशांतर पर था।

## पूर्वी लीबिया में मानव तस्करों के चंगुल से छुड़ाए गए 385 पाकिस्तान के नागरिक

**काहिरा।** पूर्वी लीबिया के तटीय शहर टोब्रुक के पास कानून प्रवर्तन विभाग और सुरक्षा अधिकारियों ने रातभर की छापामारी में मानव तस्करों के गोदामों में छुपा कर रखे गए 385 पाकिस्तान के नागरिकों को मुक्त करा लिया। इन प्रवासियों को टोब्रुक के दक्षिण में अल खुएर क्षेत्र में तस्करों के गोदामों से सोमवार तड़के कड़ी मशक्कत के बाद छुड़ाया गया। टोब्रुक स्थित प्रवासियों के अधिकार समूह अल-अबरीन के अनुसार, मुक्त कराए गए लोगों में कम से कम 11 बच्चे हैं, जिनमें से कुछ की उम्र 10 साल से कम है।



हालांकि लीबिया या पाकिस्तान की सरकार ने इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। अल-अबरीन के फेसबुक पेज पर यह सूचना सचित्र साझा की गई है। रिहा कराए गए सभी लोगों को पुलिस मुख्यालय में ठहराया गया है।

## पीटीआई ने दक्षिण पंजाब के 22 नेताओं को निष्कासित किया


**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार सहित दक्षिण पंजाब के 22 नेताओं की प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर दी। इन सभी कोपार्टी के नाम और पदनाम का इस्तेमाल




करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पीटीआई ने एक पखवाड़े से भी कम समय में 80 से अधिक प्रमुख नेताओं को निष्कासित कर दिया है। दक्षिण पंजाब के जिन प्रमुख पीटीआई नेताओं की सदस्यता समाप्त की गई, उनमें सरदार मुहम्मद खान लघारी, सैयद नदीम जमान शाह, एहतिशाम उल हक लालेका, प्रिंस बहावल खान अब्बासी, सबीन गुल, उस्मान बुजदार, मखदूम खुसरो बख्तियार, मियां शफी मुहम्मद, सैयद मुहम्मद असगर शाह शामिल थे। मियां तारिक अब्दुल्ला, मुहम्मद अख्तर मलिक और मुहम्मद अफजल शामिल हैं।

# चीन कराएगा नेपाल के नागरिकों को बिना वीजा के कैलाश मानसरोवर की यात्रा


**काठमांडू।** चीन ने नेपाल के नागरिकों को बिना वीजा के कैलाश मानसरोवर यात्रा का प्रस्ताव दिया है। हालांकि यह प्रस्ताव चीन से सटे सिर्फ एक ही जिले के नागरिकों के लिए मान्य होगा। नेपाल और चीन के प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में चीन ने यह प्रस्ताव रखा है। तिब्बत के पुरांग काउंटी के ताक्लाकोट में दोनों देशों के सीमावर्ती जिले के प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों की हुई बैठक में नेपाल के हुम्ला जिला के निवासियों के लिए कैलाश मानसरोवर तक की यात्रा करने पर वीजा की आवश्यकता नहीं होने का प्रस्ताव दिया गया है। इस द्विपक्षीय बैठक में नेपाल के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हुम्ला जिले के प्रमुख जिला अधिकारी श्रीनाथ पौडेल ने इसकी पुष्टि की है। पौडेल ने बताया कि हुम्ला जिला के निवासियों को



सीमा पार व्यापार करने और मवेशियों को लाने ले जाने के लिए एक विशेष तरह के 'सीमा पास' की व्यवस्था है। इनके पास इस तरह का पास होगा उनको ही बिना वीजा कैलाश मानसरोवर के दर्शन की अनुमति देने पर प्रारम्भिक बातचीत हुई है। इस प्रस्ताव को बीजिंग भेजा गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल की प्रस्तावित चीन यात्रा के समय इस पर लिखित समझौता होने की उम्मीद है। कोविड महामारी के कारण गत चार वर्षों से बंद रहा नेपाल-चीन का यह सीमा नाका इसी साल 1 मई से पुन- संचालन में आया है। प्रत्येक वर्ष होने वाली सीमा सुरक्षा संबंधी बैठक भी चार वर्ष के अन्तराल पर इस बार हुई है। इस बैठक में नेपाल के तरफ से हुम्ला के प्रमुख जिला अधिकारी के अलावा, जिले के पुलिस प्रमुख, सशस्त्र पुलिस बल के प्रमुख, राष्ट्रीय अनुसंधान विभाग के जिला प्रमुख, और कस्टम विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। चीन के तरफ से पुरंग काउंटी तथा ताक्लाकोट के सुरक्षा तथा कस्टम अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## नेपाली नागरिकों से रूसी सेना में भर्ती न होने की अपील

**काठमांडू।** रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में रूसी सेना में कुछ नेपाली युवाओं के भर्ती होने की खबरों के बाद सरकार ने बिना इजाजत किसी भी देश की सेना में भर्ती न होने की अपील जारी की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर दुनिया भर में अपने नागरिकों को किसी भी विदेशी सेना में भर्ती न होने की अपील की है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि नेपाल सरकार के साथ जिन देशों के साथ सेना में भर्ती होने का समझौता है, उन देशों के अलावा किसी भी दूसरे देश की सेना में भर्ती होना वर्जित है। नागरिकों से यह भी अपील की गई है कि सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रकार के विज्ञापन, सूचना या गलत संदेश पर भरोसा न करें। इस संबंध में नेपाल सरकार ने स्पष्ट किया है कि परम्परागत रूप से कुछ मित्र राष्ट्रों (भारत और ब्रिटेन) के अलावा किसी भी अन्य देश की सेना में भर्ती होने की न तो सरकार की कोई नीति है और न ही इस तरह की कोई अनुमति दी जाएगी।


नेपाल सरकार
परराष्ट्र मन्त्रालय
काठमाण्डौ, नेपाल

प्रेस विज्ञप्ति

केही सामाजिक संजाल र सार्वजनिक संचार माध्यममा नेपाली नागरिकहरु विदेशी सेनामा भर्ना भएका भन्ने समाचारको सम्बन्धमा मन्त्रालयको ध्यानाकर्षण भएको छ।


विदेशी सेनामा नेपाली नागरिकहरु भर्ना सम्बन्धमा परम्परागत रूपमा सम्झौता अन्तरगत केही मित्रराष्ट्रहरूको राष्ट्रिय सेनामा नेपाली नागरिकहरू भर्ना हुदै आएकोमा बाहेक अन्य विदेशी सेनामा नेपाली नागरिक भर्ना हुन अनुमति दिने सम्बन्धी नेपाल सरकारको नीति नरहेको जानकारी गराइन्छ।

अत: कसैको झुक्यानमा परी वा गलत सूचनाका आधारमा युद्धग्रस्त मुलुकहरूमा सुरक्षा सम्बन्धी काममा नजानुहुन सबैमा अनुरोध गरिन्छ। यस्ता कार्यमा संलग्न हुंदा आइपर्ने जोखिम र उद्दारमा हुने कठिनाइ प्रति सजग रहन समेत सबैमा सूचित गरिन्छ।

परराष्ट्र मन्त्रालय
सिंहदरबार, काठमाडौं
मिति: २०८०/०४/१६

# नेपाल में सुप्रीम कोर्ट के कारण बताओ नोटिस से भूचाल, 110 सांसदों की सदस्यता पर लटकी खतरे की तलवार

**काठमांडू:** नेपाल में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के कारण बताओ नोटिस से राजनीति में भूचाल आ गया है। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता बालकृष्ण न्यौपाने की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए बड़ा आदेश दिया है। इससे संसद के निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) के 110 समानुपातिक सांसदों की सदस्यता पर खतरे की तलवार लटक गई है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने इन सांसदों को एक सप्ताह के भीतर लिखित जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने पूछा है कि क्यों न आपकी सदस्यता रद्द कर दी जाए ? न्यौपाने ने याचिका में कहा है कि नेपाल की प्रतिनिधि सभा में संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक समानुपातिक आधार पर राजनीतिक दलों की सिफारिश पर 110 लोगों को सांसद बनाया गया है। इनका चयन संवैधानिक प्रावधानों को ताक पर रखकर किया गया है। इसलिए इनकी संसद सदस्यता रद्द की जाए। याचिका में उल्लेख किया गया है कि नेपाल के संविधान में प्रतिनिधि सभा में 275 सांसदों का प्रावधान है। इनमें से 165 सांसद प्रत्यक्ष निर्वाचन (चुनाव) के तहत चुनकर आते हैं। 110 सांसदों का चयन राजनीतिक दलों को मिले समानुपातिक मत प्रतिशत के आधार पर किया जाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता बालकृष्ण न्यौपाने ने याचिका में साफ किया है कि समानुपातिक सांसद बनाने का अधिकार उन्हीं राजनीतिक दलों को दिया जाता है जिनको कुल मत का न्यूनतम तीन प्रतिशत वोट प्राप्त हुए हों। नेपाल के संविधान की धारा में 42(1) के


श्री सर्वोच्च अदालतबाट प्रतिलिपि
सर्वोच्च अदालत, संवैधानिक इजलास
सम्माननीय का.मु. प्रधान न्यायाधीश श्री हरिकृष्ण कार्की
माननीय न्यायाधीश श्री विश्वम्भरप्रसाद श्रेष्ठ
माननीय न्यायाधीश श्री ईश्वरप्रसाद खतिवडा
माननीय न्यायाधीश डा. श्री आनन्दमोहन भट्टराई
माननीय न्यायाधीश श्री अनिल कुमार सिन्हा
आदेश
०७९-WC-००५३
विषय: उत्प्रेषणसमेत
वरिष्ठ अधिवक्ता बालकृष्ण न्यौपाने समेत ...... निवेदक
विरुद्ध
नेपाल सरकार, प्रधानमन्त्री तथा मन्त्रिपरिषदको कार्यालय समेत ...... विपक्षी

मुताबिक आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े आदिवासी, जनजाति, दलित, मधेशी, थारू, अल्पसंख्यक, खसआर्य एवं मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व कराने के लिए समानुपातिक सांसद बनाने का प्रावधान रखा गया है। याचिका में सभी राजनीतिक दलों पर आरोप लगाया गया है कि समानुपातिक सांसदों का चयन जाति के आधार पर तो कर दिया गया है लेकिन इनमें से कोई भी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा व्यक्ति नहीं है। समानुपातिक आधार पर चयनित सांसद आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सम्पन्न हैं जोकि संविधान के मूल भावना के खिलाफ है।

प्रधान न्यायाधीश हरिकृष्ण कार्की, न्यायाधीश विश्वम्भर प्रसाद श्रेष्ठ, न्यायाधीश ईश्वर प्रसाद खतिवडा, न्यायाधीश डॉ. आनन्द मोहन भट्टराई और न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा की संविधान पीठ ने सभी 110 सांसदों को लिखित स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। आदेश के अनुसार पत्र प्राप्त होने के सात दिन के भीतर न्यायालय के सम्मुख अपना लिखित पक्ष रखना होगा। सांसदों के अलावा नेपाल सरकार, प्रधानमंत्री कार्यालय और निर्वाचन आयोग को भी इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि संविधान पीठ ने इस साल 18 जनवरी को ही यह आदेश दिया था, लेकिन यह आदेश संसद सचिवालय से होकर सांसदों तक पहुंचते-पहुंचते छह महीने से अधिक का समय लग गया है। अधिकांश सांसदों को 31 जुलाई को और कई सांसदों को एक अगस्त की देर शाम न्यायालय का यह आदेश मिल पाया है।

# बांग्लादेश में डेंगू का कहर: जून के मुकाबले जुलाई में सात गुना बढ़े मरीज, अबतक 261 लोगों की मौत

**ढाका :** बांग्लादेश में डेंगू का कहर जारी है। डेंगू के कारण मरने वालों की दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। राजधानी ढाका सहित सभी इलाकों के अस्पताल डेंगू और डेंगू के लक्षण वाले मरीजों से भरे हुए हैं। बांग्लादेश में अबतक डेंगू के 54,416 मामले आ चुके हैं।

**24 घंटे में डेंगू के 2854 मरीज**

बांग्लदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में जारी हुई रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों में 10 मौते हुई हैं। देश में अबतक डेंगू से मरने वालों की संख्या 261 पहुंच गई है। बांग्लादेशी स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अनुसार, पिछले 24 घंटे में करीब वायरल बुखार के 2584 मरीज दर्ज किए गए हैं। जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। 2584 मरीजों में से 1131 मरीज ढाका के अस्पताल में भर्ती हैं वहीं अन्य मरीजों का दूसरे शहरों में इलाज जारी है। बांग्लादेश में इस दौरान 9264 डेंगू के एक्टिव केस हैं। इनमें से 4869 डेंगू मरीजों का इलाज ढाका में हो रहा है। जबकि, बाकी मरीज देश के अलग-अलग इलाकों में भर्ती है। अबतक डेंगू के कुल 54,416 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 44,891 लोग इससे उबर चुके हैं।

**पीएम ने जनता के लिए जारी किए पांच निर्देश**

डेंगू के बढ़ते मामलों के कारण बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पांच निर्देश जारी किए, जिसका उद्देश्य था जागरूकता पैदा करना और डेंगू की रोकथाम। अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादिर ने पार्टी कार्यकर्ताओं सहित सभी से इन निर्देशों को लागू करने का आग्रह किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जागरूकता पैदा करने और डेंगू की रोकथाम के लिए बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के निर्देशों को अवामी लीग, मोहिला अवामी लीग, कृषक लीग, जुबो लीग, अवामी एंजीबी परिषद, तांती लीग, जुबो मोहिला लीग, मत्स्यजीबी लीग, छात्र लीग, स्वाधीनता चिकित्सक परिषद, जातीय श्रमिक लीग और मोहिला श्रमिक लीग तक पहुंचा दिए गए हैं।

यह है पीएम के पांचों निर्देश
मच्छरदानी का उपयोग करना
अपने आसपास पानी जमा न होने देना
आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा एवं मच्छरों से मुक्त रखा जाये
शहरों, कस्बों, गांवों, मोहल्लों और बाजारों में जनता को जागरूक करने के प्रयास करना
सभी क्षेत्रों में मच्छर उन्मूलन अभियान चलाना

**एक नजर आंकड़ों पर**

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने रविवार को बताया था कि जुलाई में डेंगू मरीजों की संख्या जून की तुलना में सात गुना अधिक हैं। जून में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 5,075 थी। वहीं, 30 जुलाई तक डेंगू रोगियों की कुल संख्या 38,429 तक पहुंच गई। कुल मरीजों में से 64 फीसदी पुरुष और 36 फीसदी महिलाएं हैं।

## भारतीय-अमेरिकी महिला पर एफबीआई ने जताया भरोसा, सॉल्ट लेक सिटी FBI फील्ड कार्यालय का प्रमुख किया नियुक्त

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी शोहिनी सिन्हा को एफबीआई के सॉल्ट लेक सिटी फील्ड कार्यालय के प्रभारी विशेष एजेंट के रूप में काम करने के लिए चुना गया है। इससे पहले शोहिनी सिन्हा वाशिंगटन डीसी में एफबीआई मुख्यालय में निदेशक के कार्यकारी विशेष सहायक के रूप में कार्यरत थीं। शोहिनी को अमेरिका में आतंकवाद विरोधी जांच पर अपने काम के लिए जाना जाता है।

**ट्रैक रिकॉर्ड देखते हुए जताया भरोसा**

शोहिनी सिन्हा को आतंकवाद

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

सिन्हा का उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए 2009 में उन्हें पर्यवेक्षी विशेष एजेंट के रूप में पदोन्नति दी गई और उन्हें वाशिंगटन, डीसी में आतंकवाद विरोधी प्रभाग में स्थानांतरित कर दिया गया। वहां, उन्होंने वाशिंगटन, डीसी में स्थित दस्ते का नेतृत्व किया गया। 2020 की शुरुआत में, शोहिनी सिन्हा साइबर क्राइम से जुड़े दल में शामिल हो गई। इसके बाद 2020 में, वह पोर्टलैंड फील्ड ऑफिस में शामिल हो गईं और आपराधिक मामलों की जांच से



कनाडाई संपर्क अधिकारियों के साथ सहयोग को बढ़ावा देते हुए, कनाडा स्थित सटीक जांच के लिए कार्यक्रम प्रबंधक की भूमिका निभाई।

**साइबर क्राइम से जुड़े दल में भी किया काम**

बयान में आगे बताया गया है कि 2015 में, उन्हें डेट्रॉइट फील्ड ऑफिस में फील्ड सुपरवाइजर के रूप में पदोन्नत किया गया और अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की जांच करने वाले पहले उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के प्रभारी सहायक विशेष एजेंट के रूप में पदोन्नत किया गया।

**मनोविज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की**

साथ ही शोहिनी सिन्हा को 2021 में निदेशक के कार्यकारी विशेष सहायक के रूप में सेवा देने के लिए चुना गया। उन्होंने इंडियाना में पर्ड्यू विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातक की डिग्री और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श में मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

## नासा के वॉयेजर 2 यान ने भेजा 'धड़कन' का संकेत, सौर मंडल के बाहर कर रहा काम, वैज्ञानिक भी हैरान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के सुदूर यान वॉयेजर 2 ने धरती पर संकेत भेजे हैं। गौरतलब है कि नासा का वॉयेजर से संकेत कट गया था और अब नासा के वैज्ञानिकों की कोशिशों से फिर से यान से संपर्क स्थापित किया गया तो वैज्ञानिकों को वॉयेजर 2 ने फिर से संकेत पृथ्वी पर भेजे हैं।

**वॉयेजर ने धरती पर फिर भेजे संकेत**

बता दें कि नासा ने साल 1977 में अन्य ग्रहों का पता लगाने और हमारे ब्रह्मांड के बाहर मानवता के प्रतीक के रूप में वॉयेजर 2 यान को अंतरिक्ष में लॉन्च किया था। अब यह यान पृथ्वी से 12.3 बिलियन मील दूर है और हमारे सौर मंडल से भी परे है। नासा की जेट प्रोपेल्शन लेबोरेट्री ने बताया कि वॉयेजर 2 को भेजे गए नियोजित आदेशों की एक श्रृंखला के चलते इसका एंटीना अनजाने में पृथ्वी से दो डिग्री दूर चला गया। इसके कारण वॉयेजर से नासा का संपर्क टूट गया।

नासा के विशेषज्ञों की टीम ने वायेजर 2 से संपर्क साधने के अंतिम प्रयास के तहत डीप स्पेस नेटवर्क की मदद ली और चमत्कारिक रूप से वॉयेजर 2 से फिर से संपर्क स्थापित हो गया और उसने धरती पर संकेत भेजे। इससे साफ हो गया कि वॉयेजर 2 अभी भी काम कर रहा है।

**वॉयेजर 2 ने कई ग्रहों को**



**खोजा**

वॉयेजर 2 ने सौर मंडल छोड़ने से पहले बृहस्पति और शनि गृह की खोज की और यूरेनस और नेपच्यून ग्रहों जाने वाला पहला स्पेसक्राफ्ट बना। नासा का वॉयेजर 2 यान अंतरतारकीय माध्यम (इंटरस्टेलर मीडियम) में प्रवेश कर चुका है और धरती से करीब 15 बिलियन मील दूर है। वॉयेजर 2 यान में 12 इंच की सोने की परत चढ़ी तांबे की प्लेट लगी हैं। इनका उद्देश्य आलौकिक लोगों को हमारी दुनिया की कहानी सुनाना है। साथ ही इस यान में हमारे सौर मंडल का नक्शा, रेडियोएक्टिव घड़ी के रूप में एक यूरेनियम का टुकड़ा है, जो यह बताता है कि यान किस तारीख में लॉन्च हुआ।

## डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अब तक का सबसे गंभीर अभियोग, कल कोर्ट में होंगे पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अब तक का सबसे गंभीर आधिकारिक अभियोग दर्ज हुआ है। इसमें दावा किया गया है कि उन्होंने 2020 के चुनाव परिणाम को पलटने के प्रयास किए। ट्रंप गुरुवार शाम कोर्ट में पेश होंगे। स्पेशल काउंसिल जैक स्मिथ ने इस अभियोग पर लगाए गए आरोपों की जानकारी दी। उन्होंने कहा ट्रंप ने जो बाइडन से पराजित होने के बावजूद सत्ता में बने रहने के लिए वोटर्स से 'जानबूझकर झूठे' दावे किए। उल्लेखनीय है कि चार माह में यह तीसरी बार है जब ट्रंप पर आरोप तय किए गए हैं। इस बार ताजा अभियोग में ट्रंप पर चार आरोप लगाए गए हैं। पहला-सरकारी कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश। दूसरा-अमेरिका को धोखा देने की साजिश। तीसरा-किसी आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालना। चौथा-अधिकारों का दुरुपयोग। इन ताजा आरोपों में ट्रंप को दोषी ठहराया जा सकता है। बावजूद इसके वह 2024 का राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकते हैं। वह रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में फिलहाल सबसे आगे हैं। अभियोग में छह साजिशकर्ताओं का जिक्र किया गया है लेकिन दस्तावेज में उनके नाम नहीं हैं। अनुमान है कि इसमें ट्रंप के पूर्व निजी वकील रूडी गिउलिआनी, न्याय विभाग के पूर्व अधिकारी जेफरी क्लार्क और ट्रंप सहयोगी पूर्व वकील सिडनी पॉवेल शामिल हैं। जैक



स्मिथ ने कहा- 6 जनवरी, 2021 को हमारे देश की संसद पर हमला अमेरिकी लोकतंत्र पर हमला था। उन्होंने कहा ट्रंप गुरुवार शाम कोर्ट में पेश होंगे। उधर, ट्रंप ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है।

## अमेरिकी राजदूत गीता राव गुप्ता आठ दिवसीय यात्रा पर आएंगी भारत, महिलाओं के वैश्विक मुद्दों पर करेंगी चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राजदूत भारत दौरे पर हैं। इस दौरान वे आठ दिन भारत के अलग-अलग शहरों का दौरा करेंगी। यात्रा के दौरान अमेरिकी राजदूत महिलाओं के वैश्विक मुद्दे पर चर्चा करेंगी।

**अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का करेंगी नेतृत्व गीता राव गुप्ता** अमेरिकी राजदूत गीता राव



गुप्ता आठ दिनों की यात्रा के दौरान गुजरात, मुंबई और बंगलूरू का दौरा करेंगी। एक अगस्त से चार अगस्त तक गुप्ता गुजरात में रहेंगी। इस दौरान वे भारत सरकार द्वारा आयोजित जी 20 के सत्र में शामिल होंगी। यहां वह महिलाओं के आर्थिक प्रतिनिधित्व और प्रगति के लिए जी 20 एम्पावर सम्मेलन और जी 20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी।